बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार

संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 180 | सोमवार 21 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

[सुविचार]

मन में जिस तरह की धारण होती है! चरित्र भी उसी हिसाब से निर्मित होता जाता है।

संक्षिप्त समाचार

मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने जब्त किया करोड़ों का सोना व नशीला पदार्थ

मुंबई। मुंबई के सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 1.45 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ (मारिजुआना) जब्त किया। यह अवैध पदार्थ बैंकॉक के एक यात्री के पास से जब्त किया गया था। यात्री ने वैक्यूम-सीलबंद पैकेट में 1.45 किलोग्राम गांजा छुपाया था। चेक-इन लगेज में कपड़ों में नशीला पदार्थ लपेटा हुआ था। आरोपियों के खिलाफ सीमा शुल्क अधिनियम और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने कहा कि आगे की जांच जारी है।

दो करोड़ रुपये का सोना जब्त -

मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सात मामलों में 2 किलो 427 ग्राम सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 70 लाख रुपये है। इसके अलावा 42 लाख रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किया गया है। इसमें मोबाइल और टैबलेट शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि केन्या, जेद्दा, दुबई, रसूल खैमाह से मुंबई आने वाली उड़ानों के जरिए सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद अधिकारियों ने इन विमानों के बाहर जाल बिछा दिया था। इन उड़ानों से आने वाले कुछ यात्रियों की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान इस सोने की तस्करी का खुलासा हुआ।

श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

नई दिल्ली। श्रीलंका ने मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा कि 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस साल देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन का समय निर्धारित करना भाजपा की चाल है: संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन के लिए केवल 48 घंटे का समय निर्धारित किया जाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चाल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार बनाने का दावा करने में असमर्थ हो जाए। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होना हैं और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

राज्यसभा सदस्य ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया, ''अमित शाह के साथ-साथ भाजपा ने यह स्वीकार कर लिया है कि पार्टी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। ऐसा लगता है कि महा विकास आघाडी को सरकार बनाने के बारे में चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए समय समिति करने की रणनीति है। अगर एमवीए के घटक दावा करने में विफल रहते हैं, तो राज्यपाल छह माह के लिये राष्ट्रपति शासन की सिफारिश करेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि भाजपा एमवीए को सत्ता में

वापस आने से रोकने के लिए यह कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, भारत निर्वाचन आयोजन ने चुनाव कार्यक्रम इस तरह तय किए हैं कि यह एमवीए के प्रभावी रूप से सरकार बनाने के अवसर को सीमित कर देता है।'' शिवसेना (यूबीटी) नेता ने यह भी कहा कि मतगणना 23 नवंबर को होगी, जिसका मतलब है कि एमवीए के घटक दलों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और अन्य छोटे दलों के पास सरकार बनाने के लिए केवल 48 घंटे होंगे। उन्होंने कहा कि यह सही नहीं है।

राउत ने आरोप लगाया, ''निर्वाचन आयोग का यह कदम भाजपा प्रवक्ता के समान है। आयोग ईवीएम का समर्थन करता है, लेकिन जब हम हरियाणा चुनावों में इन मशीनों के साथ कथित छेड़छाड़ के बारे में कहते हैं तो यह चुप्पी साध लेता है। आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान धन के दुरुपयोग की शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं थी।'' राउत ने दावा किया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के चुनावों की घोषणा से ठीक पहले लगभग 200 विधानसभा क्षेत्रों में 15 करोड़ रुपये वितरित करने का फैसला किया और यह सरकार का धन था।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरूरत है। तुरंत संपर्क करें।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939

यूपी उपचुनाव में बीजेपी को हराने सपा प्रत्याशियों का करेगी समर्थन कांग्रेस

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहले पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन जब संपा से बात नहीं बनी तो कांग्रेस ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया। हालांकि यहां भी स्थिति बदलने के बाद कांग्रेस ने अब उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया है।

बता दें इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर सीट छोड़ दी थी, लेकिन दोनों ही सीटों पर बीजेपी का दबदबा है। गाजियाबाद में 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 61.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि सपा को सिर्फ 18.25 फीसदी और कांग्रेस को महज 4.81 फीसदी वोट मिले थे।

इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उपचुनाव में हारने से बेहतर है कि वे सपा को समर्थन दें, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतकर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और अब उसकी नजरें 2027 के विधानसभा चुनाव पर हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि उपचुनाव में हार से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो और पार्टी के अंदर निराशा फैले।

कांग्रेस के इस फैसले के पीछे एक और कारण है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भी कुर्बानी दी थी, जब उसने अपनी सीटें नहीं मांगी और गठबंधन के तहत बीजेपी को हराने के लिए अपना समर्थन दिया था। अब कांग्रेस भी उसी रास्ते पर है और सपा के प्रत्याशियों का समर्थन करके गठबंधन के सिद्धांतों को मजबूत कर रही है। यह फैसला कांग्रेस द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से लिया गया है ताकि गठबंधन के सहयोग से अपनी राजनीतिक स्थिति को बेहतर किया जा सके और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का मनोबल बना रहे।

अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव देगी आंध्र प्रदेश सरकार

हैदराबाद(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना पर काम कर रही है। इसी वजह से राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण



पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है। उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

जनता की अदालत का मतलब यह नहीं कि संसद में विपक्ष बन जाए: सीजेआई

पणजी(एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका 'जनता की अदालत' के रूप में बनाए रखना चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सर्वोच्च न्यायालय को संसद में विपक्ष की भूमिका निभानी पड़े। दक्षिण गोवा में सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन में बोलते हुए उन्हें ये बातें कही हैं। न्यायामूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जब समाज बढ़ता है समृद्ध और संपन्न होता है, तो ऐसी धारणा बनती है कि आपको केवल बड़ी-बड़ी चीजों पर ही ध्यान देना चाहिए। हमारा न्यायालय ऐसा नहीं है। हमारा न्यायालय जनता की अदालत है और मुझे लगता है कि लोगों की अदालत के रूप में शीर्ष न्यायालय की भूमिका को भविष्य के लिए संरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अब, जनता की अदालत होने का मतलब यह नहीं है कि हम संसद में विपक्ष की भूमिका निभाएं।''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे लगता है, विशेष रूप से आज के समय में, उन लोगों के बीच एक बड़ा विभाजन है जो सोचते हैं कि जब आप उनके पक्ष में निर्णय देते हैं तो उच्चतम न्यायालय एक अद्भुत संस्था है, और जब आप उनके खिलाफ निर्णय देते हैं तो यह एक ऐसी संस्था है जो बदनाम है।' न्यायमूर्ति ने कहा, ''मुझे लगता है कि यह एक

खतरनाक प्रवृत्ति है क्योंकि आप परिणामों के परिप्रेक्ष्य से शीर्ष न्यायालय की भूमिका या उसके काम को नहीं देख सकते हैं। व्यक्तिगत मामलों का नतीजा आपके पक्ष में या आपके खिलाफ हो सकता है। न्यायाधीशों को मामला-दर-मामला आधार पर स्वतंत्रता की भावना के साथ निर्णय लेने का अधिकार है।÷ उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को कानूनी सिद्धांत की असंगतता या त्रुटि के लिए न्यायालय की आलोचना करने का अधिकार है।प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'मैं आश्वस्त हूं कि न्यायाधीशों को इससे कोई परेशानी नहीं है, लेकिन समस्या तब होती है जब वही लोग देखते हैं कि अदालत एक विशेष दिशा में जा रही है और वे सभी इसकी आलोचना करने को तत्पर हो जाते हैं क्योंकि परिणाम आपके खिलाफ गया है।''

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन पर किया हमला

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में उग्रवादियों ने एक बार फिर हिंसक हमला किया है। बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन पर उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं और बम फेंके। यह घटना असम सीमा के पास स्थित एक स्कूल को जलाए जाने के एक दिन बाद शनिवार सुबह हुई। उग्रवादियों ने अल सुबह पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की और हथियार लूट ले गए, जिसका सुरक्षाबलों ने तुरंत जवाब भी दिया। हालांकि, इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने आधुनिक हथियारों से हमला किया और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले एक गांव को निशाना बनाया। इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिसकर्मियों ने भी भारी गोलीबारी की। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं और बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है। इस घटना को लेकर मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने कहा कि पुलिस सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों को बरामद करने के प्रयास कर रही है।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर आएंगे

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दिवाली से पहले गुजरात दौरे पर आ रहे हैं। 22 अक्टूबर की सुबह अमित शाह गुजरात आएंगे और आणंद के मेहमान बनेंगे। इसके अलावा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 31 अक्टूबर को साळंगपुर हनुमानजी मंदिर में होने वाले मारुति यज्ञ में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक अमित शाह 22 अक्टूबर को वह आणंद के मेहमान होंगे और एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह के साथ-साथ अमूल के संस्थापक त्रिभुवनदास पटेल की जयंती में भी शामिल होंगे। आपको बता दें कि 22 अक्टूबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का जन्मदिन भी है। अपने जन्मदिन पर गृह मंत्री एनडीडीबी के अतिथि होंगे। एनडीडीबी के डायमंड जुबली समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी, मंत्री जगदीश विश्वकर्मा समेत अन्य मंत्री, नेता और नेता भी मौजूद रहेंगे।

एक तीर से दो शिकार करना चाहता था भारत: कनाडाई उच्चायुक्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडाई उच्चायुक्त ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। कनाडा के उच्चायुक्त कैमरॉन मैके ने कहा कि भारत एक तीर से दो शिकार करना चाहता था लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया। भारत एक साथ कनाडा, उत्तर अमेरिका और यूएसए में निशाना साध रहा था। वहीं निज्जर की हत्या और खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश एक ही प्लॉट का हिस्सा हैं। बता दें कि कैमरॉन अब भी भारत में उच्चायुक्त के पद पर हैं।

मैके ने कनाडा के सरकारी एजेंसी को शनिवार को बताया, जिस तरह के अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाए हैं उससे पता चलता है कि नई दिल्ली से ही एक ही प्लॉट के तहत निज्जर और पन्नू की हत्या की साजिश की गई थी। ऐसे में कनाडा और अमेरिका के सबूतों को एक साथ रखा जा सकता है। इससे पता चल जाएगा कि बीते एक साल से क्या चल रहा है। मैके ने कहा कि भारत ने बड़ी रणनीतिक भूल कर दी है। वह सोचता है कि कुछ एजेंट उत्तर अमेरिका में हिंसा करेंगे और फिर बच जाएंगे। मैं कनाडा और अमेरिका दोनों की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन भारत ने क्रॉस कर दी है।बता दें कि अमेरिका ने आरोप लगाया था कि रॉ के लिए काम करने वाले विकास यादव ने पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। एफबीआई ने उन्हें मोस्ट वॉन्टेड लिस्ट में रखा है। वहीं इंडियन एक्स्प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि विकास यादव पहले ही रॉ से अलग हो चुके हैं। वहीं किडनैपिंग और उगाही के आरोप में उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था।

पहली बार ऐसा हुआ है कि कनाडा के किसी राजनयिक ने इस तरह के आरोप भारत पर लगाए हैं। बता दें कि बीते साल जून में कनाडा में ही खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। वहीं अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप अमेरिका ने भारत पर लगाया है। भारत ने इन सभी आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर खारिज कर दिए हैं।बता दें कि मैके के उप उच्चायुक्त स्टेवार्ट व्हीलर का भी नाम उन राजनयिकों में शामिल है जिन्हें भारत से निष्कासित किया गया है। वहीं नई दिल्ली ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला लिया है। कनाडा की सरकार ने उन्हें निष्कासित करने की बात कही थी। भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा भी कनाडा छोड़ चुके हैं।

महाराष्ट्र, झारखंड में हरियाणा दोहराया जाएगा

एस. सुनील

आदिवासी हों या पिछड़े या सदान या सामान्य जाति के लोग पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के राज में सबने किसी न किसी तरह की मुश्किल झेली है। सरकार का पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोपों और लूट पाट वाला रहा है। चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने खजाना खोल कर अनेक सेवाएं और वस्तुएं मुफ्त देने का वादा किया है लेकिन इस मामले में भी भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के चुनाव प्रचार में कहा था कि हरियाणा कांग्रेस के लिए मध्य प्रदेश साबित होगा। उनकी बात सौ फीसदी सही साबित हुई। जिस तरह से मध्य प्रदेश में कांग्रेस हारी वैसे ही हरियाणा में जीत का पूरा माहौल बनाने और नैरेटिव सेट करने के बावजूद कांग्रेस हार गई क्योंकि वह न तो हरियाणा की 10 साल की डबल इंजन सरकार के प्रति बने प्रो इन्कम्बैंसी को समझ पाई और न कांग्रेस विरोध की अंतधार्रा को समझ पाई। जम्मू कश्मीर में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत हुई है, कांग्रेस तो बुरी तरह से हारी ही है। उसकी सीटें 12 से घट कर छह रह गईं और भाजपा की 25 से बढ़ कर 29 हो गईं। असल में इस वास्तविकता को ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक नजरअंदाज कर रहे हैं कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकारों के खिलाफ अपवाद के तौर पर ही कहीं एंटी इन्कम्बैंसी यानी सत्ता विरोधी माहौल पैदा हो रहा है। ज्यादातर जगहों पर प्रो इन्कम्बैंसी यानी सत्ता समर्थन की लहर पैदा हो रही है, जिससे एनडीए की सरकारें बार बार सत्ता में वापसी करती हैं।

इस बात को आंकड़ों के आधार पर भी समझा जा सकता है। केंद्र में ही देखिए तो 50 साल के बाद ऐसा हुआ कि कोई सरकार लगातार तीसरी बार जीती। नरेंद्र मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। 1977 में कांग्रेस जब पहली बार हार कर सत्ता बाहर हुई तो उसके बाद किसी भी पार्टी की सरकार लगातार तीसरी बार नहीं लौटी। वह रिकॉर्ड पीएम नरेंद्र मोदी ने तोड़ा। इसी तरह अनेक राज्यों में देखा जा सकता है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की ज्यादा बहुमत और ज्यादा वोट के साथ सरकार बनी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, असम, त्रिपुरा, गोवा, मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड यानी 12 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने लगातार दो बार या उससे ज्यादा बार सरकार बनाई। इसके मुकाबले कुछ प्रादेशिक पार्टियों की तो सरकारें वापस लौटी हैं लेकिन कांग्रेस ने पिछले 10 साल में किस भी राज्य में लगातार दो बार सरकार नहीं बनाई है। इसका मतलब है कि कांग्रेस की जहां भी सरकार बनती है वहां पांच साल में उसके खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल बन जाता है और लोग उसे हरा देते हैं। एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि दिल्ली जैसे अपवाद को छोड़ दें तो भाजपा लगातार 10 साल तक किसी भी राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी नहीं रही है। यानी वह जहां एक बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनती है वहां वह पांच साल में सत्ता में वापसी करती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि इसकी मिसाल हैं।

इन दोनों आंकड़ों को प्रकट करने का उद्देश्य यह बताना था कि झारखंड में भाजपा पांच साल से मुख्य विपक्षी पार्टी है और इस बार उसके वहां सत्ता में वापसी करने का समय है तो महाराष्ट्र में भाजपा के गठबंधन की सरकार है, जिसके खिलाफ कोई सत्ता विरोधी माहौल नहीं है क्योंकि आमतौर पर एनडीए सरकारों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी नहीं होती है। इसलिए वहां भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगी। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि 2019 में भी भाजपा चुनाव नहीं हारी थी। पांच साल तक यानी 2014 से 2019 तक सरकार चलाने के बाद जब भाजपा और शिव सेना गठबंधन चुनाव में गया तब कहा जा रहा था कि एंटी इन्कम्बैंसी है और एनडीए चुनाव हार जाएगा। लेकिन इसका उलटा हुआ। एनडीए को 161 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 105 और शिव सेना ने 56 सीटें जीतीं। दोनों को मिला कर 42 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। लेकिन चुनाव के बाद श्री उद्धव ठाकरे ढाई ढाई साल की सत्ता के लिए अड़ गए, जिसकी वजह से गठबंधन टूटा और कांग्रेस, एनसीपी ने जनादेश को धोखा देकर श्री उद्धव ठाकरे के साथ सरकार बनाई। महाराष्ट्र की जनता उस धोखे का भी इस बार बदला लेगी।

कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार का गठबंधन यानी महा विकास अघाड़ी लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर इस उम्मीद में है कि उसकी जीत हो जाएगी। लेकिन लोकसभा चुनाव का नतीजा एक अपवाद था। उसमें भी अगर वोट के आंकड़े देखें तो भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन यानी महायुति को कांग्रेस गठबंधन के मुकाबले सिर्फ तीन फीसदी कम वोट मिले हैं। यानी वोट का अंतर सिर्फ तीन फीसदी है और उतने पर ही तकनीकी कारणों से सीटों का अंतर दोगुने का हो गया। अगर आंकड़ों की बात करें तो लोकसभा में भाजपा को सिर्फ नौ सीटें मिलीं, जबकि पिछली बार उसे 23 सीटें मिली थीं। यानी उसकी 14 सीटें कम हो गईं लेकिन उसको वोट का नुकसान सिर्फ 1.66 फीसदी का हुआ था। 2019 में भाजपा को 27.84 फीसदी वोट मिले थे और 2024 में 26.18 फीसदी वोट मिले। ध्यान रहे भाजपा ने पिछले चार चुनावों में 25 से 27 फीसदी का अपना वोट प्रतिशत बचाए रखा है।

जहां तक शिव सेना की बात है तो वह भी महाराष्ट्र के लोगों ने दिखा दिया कि असली शिव सेना श्री एकनाथ शिंदे की है। लोकसभा चुनाव में श्री उद्धव ठाकरे की शिव सेना 21 सीटों पर लड़ कर सिर्फ नौ सीट जीत पाई, जबकि एकनाथ शिंदे की शिव सेना ने 15 सीटें लड़ कर सात पर जीत हासिल की। ठाकरे के मुकाबले शिंदे की शिव सेना का स्ट्राइक रेट बेहतर रहा। शिव सैनिक पूरी तरह से उनके साथ रहे। उद्धव ठाकरे को कांग्रेस और एनसीपी का वोट मिला, जिसमें एक बड़ा हिस्सा उनके मुस्लिम वोट आधार का है। तभी हैरानी नहीं है कि श्री उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के नेता स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे के हिंदुत्व का रास्ता छोड़ कर मुस्लिम तुष्टिकरण के रास्ते पर चल रहे हैं। जैसा केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि श्री उद्धव ठाकरे कांग्रेस और एनसीपी की सोहबत में औरंगजेब को अपना नायक बना रहे हैं। सो, तुष्टिकरण की राजनीति चाहे उद्धव ठाकरे करें या शरद पवार करें या कांग्रेस करे उसका कोई फायदा महाराष्ट्र में नहीं होना है। महाराष्ट्र में श्री एकनाथ शिंदे की भाजपा समर्थित सरकार ने 'माझी लड़की बहिन योजना' के तहत महिलाओं को डेढ़ हजार रुपया महीना देना शुरू किया है। लाड़ला भाई योजना के तहत युवाओं को छह से 10 हजार रुपए महीना दिए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को पांच लाख रुपए तक की मुफ्त चिकित्सा की घोषणा की है। किसानों के लिए रबी की फसलों पर एमएसपी में बढ़ोतरी हुई है। एकीकृत पेंशन की योजना आई है। ऐसी तमाम सकारात्मक योजनाओं के दम पर भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने सत्ता के समर्थन की अंतधार्रा पैदा की है।

उधर झारखंड में पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के भ्रष्ट और परिवारवादी शासन से लोग ऊबे हुए हैं। वहां लोकसभा चुनाव में भाजपा को पिछली बार के मुकाबले तीन सीटों का नुकसान जरूर हुआ लेकिन अगर विधानसभा सीटों के हिसाब से देखें तो वह 50 से ज्यादा सीटों पर जीती थी। यानी लोकसभा चुनाव की तरह भी भाजपा गठबंधन का प्रदर्शन हो तो उसे 50 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। झारखंड का विश्लेषण जो लोग भी 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर कर रहे हैं उनको समझदारी का नया चश्मा लगाने की जरुरत है। 2019 में भी भाजपा हारी नहीं थी। पांच साल के शासन के बाद भी कोई एंटी इन्कम्बैंसी की लहर नहीं थी। उलटे श्री रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा का वोट 2.11 फीसदी बढ़ा था, जबकि जेएमएम के वोट में 1.71 फीसदी की कमी आई थी। इसके बावजूद जेएमएम को ज्यादा सीटें इसलिए मिल गईं क्योंकि भाजपा की गठबंधन की पुरानी सहयोगी आजसू अलग चुनाव लड़ी थी। उसने 53 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए और उसे आठ फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इस बार का चुनाव पिछली बार से अलग इसलिए है क्योंकि आठ फीसदी की वोट पूंजी वाली आजसू भाजपा के साथ है और साढ़े पांच फीसदी वोट की पूंजी वाले श्री बाबूलाल मरांडी की भाजपा में वापसी हो गई है। यानी भाजपा के खाते में 13 फीसदी से ज्यादा वोट जुड़ा है। तभी लोकसभा में एनडीए का वोट 47 फीसदी पहुंच गया था।

यह जरूर है कि भाजपा आदिवासी सीटों पर नहीं जीत पाई लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं है कि आदिवासी भाजपा के विरोधी हैं। अगर सबसे बड़े वोट समूह यानी आदिवासी का वोट भाजपा को नहीं मिलता तो उसका वोट प्रतिशत 47 तक कैसे पहुंचता? भाजपा ने झारखंड के सबसे बड़े आदिवासी नेता और विकास पुरुष की छवि वाले बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और दोनों पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़ व ओडिशा में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि झारखंड में आदिवासियों के सामने अस्तित्व का संकट है। बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासी बहुल झारखंड की जनसंख्या संरचना बदल रही है। आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। रोटी, बेटी और माटी का संकट खड़ा हो गया है। इसलिए भी आदिवासी समाज तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों से पीछा छुड़ा कर भाजपा का साथ देगा। आदिवासी हों या पिछड़े या सदान या सामान्य जाति के लोग पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के राज में सबने किसी न किसी तरह की मुश्किल झेली है। सरकार का पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोपों और लूट पाट वाला रहा है। चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने खजाना खोल कर अनेक सेवाएं और वस्तुएं मुफ्त देने का वादा किया है लेकिन इस मामले में भी भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर है।

(लेखक सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) के दिल्ली स्थित विशेष कार्यवाहक अधिकारी हैं, या लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं)

संपादकीय

युद्ध नहीं, सिर्फ बुद्ध

भारत दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध की शिक्षाएं दी हैं, दुनिया का समाधान बुद्ध में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिये जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह कहा। संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन को याद करते हुए कहा हमने दुनिया को बुद्ध की शिक्षाएं दी हैं। यह हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भाव ही दुनिया को बेहतर स्थान बनाने की कुंजी है। अभिधम्म दिवस भगवान बुद्ध के अभिधम्म की शिक्षा देने के बाद अवतरण की याद दिलाता है, जिसे मूल रूप से पाली भाषा में लिखा गया है। पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने को उन्होंने भगवान को बुद्ध को श्रद्धांजलि बताया। इस कार्यक्रम में चौदह देशों के शिक्षाविदों व भिक्षुओं ने भाग लिया। केंद्र सरकार ने अलग साहित्यिक परंपराओं वाली भाषाओं, जो मौलिक हों और जिन्हें किसी अन्य भाषा समुदाय से उधार नहीं लिया गया है, उन्हें शास्त्रीय भाषा के तौर पर चिह्नित किया है। पाली, प्राकृत, मराठी, असमिया व बंगाली को इसी माह शास्त्रीय भाषा के तौर पर चिह्नित किया है। इनमें से पाली भाषा को बुद्ध की विरासत माना जाता है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं व प्रमुख ग्रंथ त्रिपिटक मूल रूप से पाली भाषा में ही उपलब्ध हैं। यह भारत की प्राचीनतम ज्ञात भाषाओं में से है। जिसे ब्राह्मी लिपि में लिखा जाता है। फिलवक्त रूस-यूक्रेन, इस्राइल-फिलिस्तीन जैसे मुल्कों के बीच जारी युद्ध में बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, वे विस्थापन झेलने को मजबूर हैं, उनको आवास, भोजन, पीने का पानी, जरूरी दवाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में बुद्ध की शिक्षाओं के माध्यम से शांति का पथ-प्रशस्त करके अस्थिरता व अशांति से मुक्ति का मार्ग पाया जा सकता है। विश्व शांति के लिए बुद्ध को याद करना जख्म पर मलहम लगाने जैसा हो सकता है। इस सख्त वक्त में मोदी ने बुद्ध के ज्ञान को दोहरा कर बड़ा संदेश देने का सार्थक प्रयास किया है। हालांकि बौद्ध धर्म के दुनिया में जितने अनुयायी हैं, उस अनुपात में यदि उनकी शिक्षाओं पर तनिक भी आस्था होती तो इस अशांति से मानव यूं त्रस्त न होता।

चिंतन-मनन

भगवान का सबसे प्रिय आहार अहंकार

अहंकार शब्द बना है अहं से, जिसका अर्थ है मैं। जब व्यक्ति में यह भावना आ जाती है कि जो हूं सो मैं, मुझसे बड़ा कोई दूसरा नहीं है तभी व्यक्ति का पतन शुरू हो जाता है। द्वापर युग में सहस्त्रबाहु नाम का राजा हुआ। इसे बल का इतना अभिमान हो गया कि शिव से ही युद्ध करने पहुंच गया। भगवान शिव ने सहस्त्रबाहु से कह दिया कि तुम्हारा पतन नजदीक आ गया है। परिणाम यह हुआ कि भगवान श्री कृष्ण से एक युद्ध में सहस्त्रबाहु को पराजित होना पड़ा। रावण विद्वान होने के साथ ही महापराप्रमी था। उसे अपने बल और मायावी विद्या का अहंकार हो गया और उसने सीता का हरण कर लिया। इसका फल रावण को यह मिला कि रावण का वंश सहित सर्वनाश हो गया। अंत काल में उसका सिर भगवान राम के चरणों में पड़ा था। भगवान कहते हैं मेरा सबसे प्रिय आहार अहंकार है अर्थात अहंकारियों का सिर नीचा करना भगवान को सबसे अधिक पसंद है। अहंकारी का सिर किस प्रकार भगवान नीच करते हैं इस संदर्भ में एक कथा है कि, नदी किनारे एक सुन्दर सा फूल खिला। इसने नदी के एक पत्थर को देखकर उसकी हंसी उड़ायी कि, तुम किस प्रकार से नदी में पड़े रहते हो। नदी की धारा तुम्हें दिन रात ठोकर मारती रहती है। मुझे देखो मैं कितना सुन्दर हूं। हवाओं में झूमता रहता हूं। पत्थर फूल की बात को चुपचाप सुनता रहा। पानी में घिसकर पत्थर ने शालिग्राम का रूप ले लिया था। किसी व्यक्ति ने उसे उठाकर अपने पूजा घर में स्थापित किया और उसकी पूजा की। पूजा के समय उस व्यक्ति ने फूल को शालिग्राम के चरणों में रख दिया। फूल ने जब खुद को पत्थर के चरणों में पाया तो उसे एहसास हो गया कि उसे अपने अहंकार की सजा मिली है। पत्थर ने अब भी कुछ नहीं कहा वह फूल की मन स्थिति को देखकर मुस्कुराता रहा।

वैश्विक जलचक्र असंतुलन से जुड़ी चुनौतियां की गंभीरता

ललित गर्ग

संतुलित जलचक्र के कारण समूची दुनिया के समुख पानी एक बड़ी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण समस्या बन रही है। पृथ्वी के चारों ओर पानी के घूमने की प्रणाली को जल-चक्र कहा जाता है, जीवन को संचालित करने के लिए जिसका सुचारु होना आवश्यक होता है। पूरी दुनिया में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाओं की चेतावनी लम्बे समय से दिये जाने के बावजूद हम नहीं चेत रहे हैं। पानी के दुरुपयोग, जल संसाधनों के कुप्रबंधन, बदलते जलवायु, भूमि के बढ़ते उपयोग और वन क्षेत्रों में कटौती ने समूचे जल-चक्र को असंतुलित कर दिया है। कहते हैं कि पानी की असल अहमियत वही शख्स समझता है, जो तपते रेगिस्तान में एक बूंद पानी की खोज के लिए मीलों भटका हो। वह शख्स पानी की कीमत क्या जाने, जो नदी के किनारे रहता है। भारत के कई राज्यों में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में अगले ही साल 21 शहरों में भूजल खत्म होने की आशंका व्यक्त करते हुए एक बार फिर चेताया है।

नीति आयोग की रिपोर्ट बड़े खतरे का संकेत दे रही है। अब जलचक्र के असंतुलित होने का असर भारत पर भी पड़ना निश्चित है। इसलिये भारत में जल-समस्या जीवन-संकट बन सकती है। भारत में पुराने जमाने में तालाब, बावड़ी और नलकूप थे, तो आजादी के बाद बांध और नहरें बनाईं। वक्त के बदलने के साथ-साथ सोच भी बदली, अति भोगवाद, सुविधावाद बढ़ा तो प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी घनघोर होती गयी। संयम का सूत्र छूट गया। आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही है कि वह प्रकृति में निहित संदेश को हम सुन नहीं पा रहे हैं। जलसंकट पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। समय-समय पर प्रकृति चेतावनियां देती है पर आधुनिकता के कोलाहल में हम बहरा गये हैं। आज देश का कोना-कोना जल समस्या से ग्रस्त है। वर्ष 2018 में कर्नाटक ने अभूतपूर्व बाढ़ देखी थी, किंतु अब 2019 में उसके 176 में से 156 तालुके सूखाग्रस्त घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ भयंकर जल समस्या का सामना कर रहे हैं। विश्लेषकों द्वारा तृतीय विश्वयुद्ध की आशंका पानी के लिए व्यक्त की जाती रही है। निकट भविष्य में पानी का प्रयोग अस्त्र रूप में भी संभावित है। कुछ समय पहले पाकिस्तान से तनाव हो जाने पर भारत द्वारा सिंधु नदी के प्रवाह को रोक कर पानी की उपलब्धता बाधित करने की चेतावनी दी गई थी। जबकि देश में ही पानी की अनुपलब्धता की समस्या पूरे राष्ट्र में पिछले 10-15 साल से चल रही है। इसके मूल में नियमित रूप से वर्षा का न होना तथा सूखा पड़ते रहना तथा सरकार की गलत नीतियां भी हैं। पानी की उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए यह लगने लगा है कि विश्वयुद्ध हो या न हो, पर हर गली-मोहल्ले में, शहर -शहर में, गांव- गांव में पानी के लिए 10-15 वर्ष में ही युद्ध होंगे और भाईचारे के साथ रह रहे पड़ोसी पानी के लिए आपस में लड़ेंगे।

भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश जल-समस्या से पीड़ित है। पृथ्वी पर तीन अरब लोग पहले से जल संकट का सामना कर रहे हैं। अब जल-चक्र असंतुलन से न जाने और कितने लोग संकट में आ जाएंगे। बड़ी चिंता यह भी कि इससे दुनिया की जीडीपी को आठ से पंद्रह प्रतिशत तक नुकसान हो जाएगा। दरअसल, प्रकृति की उपेक्षा के साथ-साथ सिर्फ अपना लाभ देखने की दुष्प्रवृत्ति ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। जल की बबार्दी, वन क्षेत्रों का खात्मा, पेड़-पौधों का लगातार काटना, ओजोन परत को नुकसान, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु संकट और इन सब के कारण अंततः जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर ही आती आंच के रूप में इसके दुष्परिणाम सामने है। एक तथ्य यह भी है कि इन दुष्परिणामों की चिंता तो खूब होती रही है, लेकिन सरकारें एवं आमजन इस समस्या के प्रति उतना गंभीर नहीं है, जितनी अपेक्षा है। देश के जो क्षेत्र जल संकट की भयावह स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में एक घड़े पानी की कीमत व्यक्ति या मनुष्य के जीवन से अधिक है। वहां गर्मी में तो महिलाएं प्रातःकाल से ही जल की व्यवस्था में जुट जाती हैं। बदलते जलवायु परिवर्तन का आलम यह है कि देश में जहां सूखा पड़ता था, अब वहां बाढ़ आ रही है। चरम जलवायु घटनाओं का स्वरूप बदल रहा है। जल चक्र पर भी इसका असर पड़ रहा है। बीते समय में चरम घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इन्हीं घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और इसका मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार ने मिशन मौसम शुरू किया है। 'मिशन मौसम' के तहत सरकार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मौसम की भविष्यवाणी को बेहतर बनाने का काम करेगी। हर साल चक्रवात, बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसे जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं के चलते करीब 10,000 लोगों की मौत हो जाती है। 'मिशन मौसम' की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मौसम की सटीक भविष्यवाणी से इनमें से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सरकार ने 'मिशन मौसम' के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इतना ही नहीं ये सरकार को आपदा के आने से पहले तैयार होने और उसके बाद जनजीवन को जल्द से जल्द सुचारु करने में भी मदद करेगा। मिशन 'मौसम प्रबंधन' तकनीकों का पता लगाएगा और इसमें कृत्रिम रूप से बादलों को विकसित करने के लिए एक प्रयोगशाला बनाना, रडार की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करना और नए उपग्रह, सुपर कंप्यूटर और बहुत कुछ जोड़ना शामिल है। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगले पांच सालों में उनके पास इतनी विशेषज्ञता होगी कि वे न केवल बारिश को बढ़ा सकेंगे बल्कि कुछ क्षेत्रों में ओलों और बिजली के साथ-साथ इसे भी रोक सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलचक्र के असंतुलित होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद होती रही हैं, पर जैसे हालात बनते जा रहे हैं इन चिंताओं का असर ढाक के तीन पात जैसा ही है। इससे भी गंभीर बात यह कि जल-चक्र बिगड़ने से दुनिया का आधा खाद्य उत्पादन ही खतरे में आ गया है। तब उन देशों का क्या होगा, जो पहले से खाद्यान्न संकट को झेल रहे हैं। जाहिर है, संकट में शामिल देशों की सूची बढ़ती ही जाएगी। कहना न होगा कि अब भी नहीं संभले और विकास का वैकल्पिक रास्ता नहीं खोजा, तो भयावह स्थिति को कोई नहीं रोक सकता। जलचक्र के असंतुलन की स्थिति का आकलन कोरी कल्पना पर आधारित नहीं है। विशेषज्ञों के समूह 'ग्लोबल कमीशन ऑन द इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटर' ने तथ्यों और परिस्थितियों के गहन वैज्ञानिक अनुसंधानों और विश्लेषणों के माध्यम से भयावह हालात की ओर आगाह किया है।

वैश्विकी: संकट के दौर में ब्रिक्स सम्मेलन

ड़ॉ. दिलीप चौबे

रूस की मेजबानी में आयोजित होने वाला ब्रिक्स सम्मेलन कई अर्थों में ऐतिहासिक है। यदि ब्रिक्स नेताओं ने राजनीतिक सूझबूझ और साहस का परिचय दिया तो यह सम्मेलन नहीं विश्व व्यवस्था के निर्माण की शुरूआत बन सकता है। संगठन के मूल पांच सदस्य देशों के साथ इस बार विस्तारित ब्रिक्स के अन्य देश भी इसमें शिरकत करेंगे। दुनिया के अनेक देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। यह मौजूदा देश के लिए यह एक अवसर और चुनौती है। सामान्य सोच यह है कि जितने अधिक देश होंगे संगठन उतना ही प्रतिनिधिमूलक और प्रभावशाली होगा, लेकिन सर्वसम्मति या मतैक्य से चलने वाली संगठन में निर्णय प्रक्रिया की समस्या पैदा हो सकती है। विशेषकर ऐसे समय जब विभिन्न देशों के अलग-अलग राजनीतिक हित हैं। उदाहरण के लिए सैन्य संगठन नाटो का सदस्य देश तुर्की ब्रिक्स में शामिल होना चाहता है। रूस और चीन नाटो को यूरोप और पूर्व एशिया में चुनौती दे रहे हैं। ऐसे समय ब्रिक्स में तुर्की का शामिल होना नाटो के एक 'भेदया का जोखिम' उठाना है। पश्चिम एशिया में ईरान और सऊदी अरब के बीच वर्चस्व की लड़ाई भी एक बड़ा सिरदर्द है। आने वाले दिनों में यदि इस्राइल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो इस क्षेत्र में नई लामबंदी शुरू हो जाएगी। ब्रिक्स इन देशों के परस्पर विरोधी हितों में कैसे सामंजस्य स्थापित करता है यह अन्य देशों के नेताओं की राजनीतिक सूझ-बूझ की परीक्षा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा पर भी सबकी नजर रहेगी। तीन महीने के दौरान मोदी दूसरी बार रूस यात्रा पर जा रहे हैं। इस अवधि में काफी कुछ बदल गया है। कनाडा और अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा हुआ है। कनाडा के साथ तो टकराव की स्थिति है। वहीं खालिस्तानी आतंकवादी गुरु पतवंत सिंह पन्नू को मोहरा बनाकर अमेरिका भारत पर दबाव बना रहा है। लगता है मोदी सरकार उसके निशाने पर है। कुछ राजनीतिक समीक्षा का आश्चर्य व्यक्त कर रहे हैं कि आखिर अमेरिका मोदी सरकार को क्यों अस्थिर करना चाहता है जबकि यह सरकार भारत में अब तक की सबसे अधिक अमेरिकी अनुकूल सरकार है। इन समीक्षकों का यह भी मानना है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी विरोधी प्रलाप के पीछे भी अमेरिका है। ट्रूडो को यह खुशफहमी है कि वह कनाडा एक बड़ा शक्तिशाली देश है। हकीकत यह है कि कनाडा हर महीने में अमेरिका का पिछलग्गू देश है। 'फाइव आईज' के अन्य देशों ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पर भी यही बात लागू होती है। हाल के घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट हो गया है कि जर्मनी, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश भी अमेरिकी कुनबे के सक्रिय सदस्य बन गए हैं। इसे यूरोप और पश्चिम एशिया में तनाव के नये हालात बन गए हैं।

हाल में ऐसी रिपोर्ट सामने आई कि उत्तर कोरिया के दस हजार से अधिक सैनिक यूक्रेन में रूस की ओर से मोर्चा संभालने वाले हैं। यदि उत्तर कोरिया रूस की मदद करने के लिए अपने सैनिक भेज रहा है तो यह भी स्वाभाविक है कि उसे रूस की ओर से यह आश्वासन मिला होगा कि दक्षिण कोरिया और जापान से संभावित संघर्ष में उसे रूस की मदद मिलेगी। इससे पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा हालात खतरनाक हद तक बिगड़ जाएंगे। भारत के लिए भी यह एक चुनौती होगी कि वह क्वॉड में अपनी भूमिका पर गौर करे। कजान (रूस) में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच यदि शिखर वार्ता होती है तो उसे पता चलेगा कि भारत अमेरिका और रूस के साथ अपने संबंधों में कैसे संतुलन बनता है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए चीन के साथ अपने संबंधों को पटरी पर लाने का एक अवसर है। ब्रिक्स आयोजन के समय दुनिया को किसी अनहोनी के लिए भी तैयार रहना चाहिए। संभव है कि इसी दौरान इस्राइल ईरान को निशाना बनाएं यदि ऐसा होता है तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई करेगा। इस्राइल अपने बलबूते ईरान की चुनौती का सामना करने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में अमेरिका सैनिक मदद के लिए संघर्ष में सीधे रूप से शामिल हो सकता है। चुनाव में लड़खड़ा रही डेमोक्रेटिक प्रत्याशी कमला हैरिस के लिए यह फायदे का सौदा हो सकता है। यह बात दूसरी बात है कि दुनिया में भारी तबाही का कारण बन सकता है?

मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा सरसावा एयरपोर्ट का वाराणसी से किया गया वर्चुअली लोकार्पण

पीएम ने वाराणसी से 6700 करोड़ से अधिक की 23 परियोजनाओं सहित 07 एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

☛सरसावा हवाई अड्डे के नए सिविल एनक्लेव का हुआ उद्घाटन

☛मा0मुख्यमंत्री जी ने सहारनपुर वासियों की ओर से प्रधानमंत्री जी का किया धन्यवाद ज्ञापित

संस्कार उजाला ब्यूरो

सहारनपुर मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वाराणसी में सिगरा स्टेडियम से सहारनपुर के 54.56 करोड़ की लागत से तैयार सरसावा एयरपोर्ट में सिविल इन्क्लेव समेत देश से जुड़ी स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन से रोजगार, आवास, विमानन की 6700 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सिविल एयरपोर्ट सरसावा के परिसर में पंडाल लगाया गया था जिसमें एक बड़ी एलइडी स्क्रीन पर मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किए जाने वाले एयरपोर्ट के उद्घाटन का लाइव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी से सरसावा एयरपोर्ट में बने सिविल इन्क्लेव, मप्र में रीवा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन, छत्तीसगढ़ में अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ वाराणसी एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन के अलावा आगरा, बिहार के दरभंगा और बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित बागडोगरा एयरपोर्ट के होने वाले विस्तारीकरण का शिलान्यास किया।

सरसावा में सिविल एयरपोर्ट 65 एकड़ में बनाया गया है, जिसमें बोर्डिंग पास, कैंटीन, यात्री लाउंज और कार्यालय आदि होंगे। एक साथ दो वायुयान खड़े होने के लिए एप्रन (प्लेटफॉर्म) बनाया गया है। 50 कारों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। रुड़की-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग-344 पर ग्राम अहमदपुर सरसावा के पास से सिविल एयरपोर्ट तक डिवाइडर के साथ डेढ़ किलोमीटर लंबी फोरलेन सीधी सड़क का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने जनपदवासियों को एयरपोर्ट के उद्घाटन होने की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रयास की सराहन की। उन्होंने कहा कि सरसावा एयरपोर्ट से शुरूआत में गाजियाबाद और मुरादाबाद के लिए उड़ान भरी जाएगी। इसके बाद आवश्यकतानुसार हवाई यात्रा की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट बनने से क्षेत्र का पर्यटन विकास होने के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार विकास के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन नई ऊंचाईयों को छू रही है। मा0 प्रधानमंत्री जी के हवाई चप्पल वाले व्यक्ति के हवाई यात्रा में यात्रा करने का सपना आज समूचे भारत में पूरा हो रहा है। आज प्रदेश और देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है। राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग ब्रजेश सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी आमजन के सपनों को साकार कर रहे है। आज प्रदेश सबसे ज्यादा हवाई अड्डों एवं एक्सप्रेस वाला प्रदेश है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे विकसित प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। यहां की बेहतर कानून व्यवस्था के कारण ही यहां पर उद्योगपति अपना उद्यम स्थापित करने के इच्छुक है। राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास श्री जसवंत सैनी ने कहा कि आज जनपदवासियों के लिए बहुत खुशी का अवसर है कि उनके द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग पूरी हो गई। मा0 प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में देश प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। देश में एयरपोर्ट की संख्या 150 से अधिक होने जा रही है। मा0 प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश 2027 तक 03 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनेगा जिसमें मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में 01 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाते हुए देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनेगा। आज उत्तर प्रदेश की बेहतर कानून व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से अन्य राज्यों के उद्यमीगण भी प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, महापौर डॉ0 अजय सिंह, विधायक नगर राजीव गुम्बर, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी, जिलाधिकारी मनीष बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ0 महेन्द्र सैनी, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एयरपोर्ट निदेशक जयरामू एस0, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, जनप्रतिनिधि, उद्यमीगण डॉक्टर्स, शिक्षक, चीनी मिल प्रबंधक एवं पदाधिकरण सहित समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प, वाल्मीकि जयंती पर निकाली जा रही शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते रजनीश नौसरान व अन्य

संस्कार उजाला

सहारनपुर/ नागल मे भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मीरपुर मोहनपुर सहित कई गांवों में जयंती पर हवन पूजन के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कस्बे में शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए समाज सेवी रजनीश नौसरान ने कहा कि समाज के लोगों को अपने बच्चों को नशाखोरी से दूर रखते हुए शिक्षित

करना होगा तभी समाज में परिवर्तन संभव हो सकता है। शोभायात्रा कस्बे के वाल्मीकि मंदिर से आरंभ होकर मुख्य बाजार, स्टेट हाईवे, ब्लाक चौराहा होते हुए वापस वाल्मीकि मंदिर पर ही संपन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष कपिल डावर, हेमंत अरोड़ा, नरेश शर्मा, काला, चंम्पत, सूरज, दीपांशु, हिमांशु चौधरी, श्रीपाल धीमान, पप्पू, गोवर्धन आदि रहे।

सिंभावली क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं नहीं ले रही थमने का नाम ग्रामीणों से अपने आप को घिरते देख गौकश मांस से भरी कार को छोड़कर फरार

संस्कार उजाला

रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली थाना क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। गौमास तस्कर बैखौफ होकर अपने गोरख धंधे को दे रहे हैं अंजाम। सिंभावली क्षेत्र में लगातार सामने आ रही गौकशी की घटनाओं को लेकर हिंदू संगठनों ने जताई भारी नाराजगी। दो माह पूर्व भी 25 अगस्त को सिंगनपुर गांव के जंगल में और 26 अगस्त को लगभग एक दर्जन गौवंशो की क्षेत्र के तिगरी गांव में गौकशो के द्वारा गौकशी कर घटना को दिया गया था अंजाम आपको बता दें कि सिंभावली थाना क्षेत्र में गौकशी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव नया बांस के जंगल में

देखने को मिला है। जहां दो गौवंशों की गौकशी कर गौमास तस्कर कार में भरकर ले जा रहे थे। संदेह होने पर ग्रामीणों ने पशु चोर समझकर कार रोकने की कोशिश की तो वह कार को लेकर भाग निकले। ग्रामीणों के द्वारा पीछा करने पर अपने आप को घिरता देख कर गौमास तस्कर मास से भरी हुई कार को छोड़कर फरार हो गए। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को खोलकर देखा तो उसमें दो गौवंशों के सिर पैर और मांस भरा हुआ था। जिसके चलते पुलिस ने डॉक्टर को बुलाकर मांस का सैंपल करने के उपरांत मांस को गड्ढा खोदकर कर दबा दिया है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी श्यौपाल सिंह का कहना है कि गौ मांस तस्कर कहीं अन्य स्थान से गौकशी करके मांस कार में भरकर ले जा रहे थे। जिन पर संदेह होने पर ग्रामीणों ने कर को रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगे ग्रामीणों के द्वारा कार का पीछा करते देख गौमांस तस्कर कार को छोड़कर फरार हो गए। जिसमें सभी पहलुओंऊ से फरार गौ तस्करों की गहनता से तलाश की जा रही है। और घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

पुराने नेशनल हाईवे सिंभावली गांव के पास गन्ने के खेत में गोवंश के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप हिंदू सामाजिक संगठन के कार्यकताओं ने गौकशो को गिरफ्तार करने की मांग

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराने नेशनल हाईवे सिंभावली गांव के पास गन्ने के खेत में गोवंश के पुराने अवशेष मिलने पर क्षेत्र में मचा हड़कंप। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर मामले की जांच की शुरू। वही हिंदू संगठन कार्यकताओं ने नया

बास में कार में मिले मांस और 25 अगस्त को सिंभावली के गांव सिंगनपुर में हुई गोकशी 26 अगस्त को तिगरी गांव में हुई गोकशी और फिर से सिंभावली गांव के जंगल में मिले पुराने गोवंश अवशेषों को लेकर भारी नाराजगी जताते हुए। हिंदू संगठन कार्यकताओं का कहना है कि क्षेत्र में गोकशी करने वालों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। जिसको लेकर गोकशों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

नारी मिशन शक्ति अभियान के तहत अलीशा सिंघल को एक दिन का हाफिजपुर थाना प्रभारी किया गया नियुक्त

संस्कार उजाला

हापुड़/योगी मोदी सरकार के द्वारा चलाए जा रहे। नारी मिशन शक्ति अभियान के तहत बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के के चलते शहर के प्रमुख उद्यमी शान्तुन सिंघल की बेटी अलीशा सिंघल को एक दिन के लिए थाना हाफिजपुर प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसके चलते अलीशा सिंघल ने थाने में आने वाले पीड़ित की शिकायत सुनकर रिपोर्ट दर्ज कराई। और थाने का निरीक्षण कर संबंधित को समस्याओं का निस्तारण करने को लेकर दिए दिशा निर्देश। बता दे कि महिलाओं/बालिकाओं को नारी

मिशन शक्ति अभियान के तहत हापुड़ के जवाहर गंज निवासी प्रमुख उद्यमी शांतुन सिंघल आईआईए के चैप्टर चेयरमैन की बेटी अलीशा सिंघल को एक दिन का हाफिजपुर थाना प्रभारी बनाया गया। जिसके चलते उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, माल खाना, रिकॉर्ड रूम दस्तावेजों के रखरखाव, मैस, साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया। और साथ ही थाने के क्षेत्रांतर्गत आने वाले गांवों का भी निरीक्षण कर पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने का दिशा निर्देश दिया। वही इस अवसर पर अलीशा सिंघल ने बताया कि योगी मोदी की सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित हैं। उनका स्वयं लंबी सशक्तिकरण बनाने को लेकर सरकार के द्वारा सभी थानों में एंटी रोमियो स्क्वायड टीम गठित करने के साथ तरह-तरह के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। महिलाएं आज उत्तर प्रदेश में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं।और साथ ही उनका भी सपना आईपीएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है।

भारतीय किसान यूनियन की रक्षक सभा का आयोजन

किसान यूनियन ही किसानों की रक्षक ..वीरेन्द्र सिंह ओहलान

संस्कार उजाला

गागलहेड़ी (सहारनपुर)

भारतीय किसान यूनियन रक्षक ने चुनहेटी शेख में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं संगठन के बिस्तर पर चर्चा की गई । सभा में बोलते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह ओहलान ने कहा कि भारतीय किसान रक्षक एकमात्र ऐसा संगठन है जो किसानों का ही नहीं बल्कि तो मजदूर और व्यापारियों का भी एक संगठन है और किसान मजदूर और व्यापारियों की समस्याओं के लिए अपनी आवाज बुलंद करता है। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान के संबंध में

जो भी समस्या होगी किसान यूनियन रक्षक उसके लिए आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।राहुल फौजी ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है, संगठन के साथ जुड़कर किसी भी समस्या का समाधान किया जा सकता है। सहारनपुर तहसील अध्यक्ष अमित ने कहा कि किसी भी किसान की कोई भी समस्या हो उस बता सकते हैं,हर समस्या का समाधान किया जाएगा संगठन के साथ जुड़े और संगठन को मजबूत करें किसानों ने कहा कि शमशान घाट के लिए रेलवे ट्रैक को पार करना पड़ता है जो बहुत ही खतरे से खाली नहीं है उन्होंने रेलवे ट्रैक से के नीचे से एक पुलिया बनाने की मांग की उन्होंने कहा की चुनौती रेलवे स्टेशन पर टिकट की सुविधा कराई जाए उन्होंने अभी कहा कि उनके गांव के पास दो टोल पड़ते हैं दोनों ही टोल पर किसानों को परेशान किया जाता है। सभा में सुनील शास्त्री,हेमंत अरोड़ा,बलकार सिंह लल्ली , गजेन्द्र नौसरान,अमित ओहलान,उदित नौसरान,संजय चौधरी,राजीव संजय चौधरी,रोहताश,विकास सिंह,सतीश कुमार,चुन्दन सिंह,अचंल कुमार,भानू कुमार, सन्दीप कुमार, अवनीश कुमार,आकाश कुमार विपिन,कुमार, कुमार,अंकुश कुमार ,योगेश कुमार ,पंकजकुमार,उदीप कुमार

संक्षिप्त डायरी

सरकार के द्वारा राहगीरों की पेयजल सुविधा के लिए लगाए गए सरकारी हैंड पंपों पर दबंग का कब्जा सरकारी हैंड पंपों में समरसेबल डालकर किया जा रहा निजी प्रयोग

संस्कार उजाला संवाददाता

गढ़ मुक्तेश्वर/गढ़ मुक्तेश्वर तहसील क्षेत्र के सिंभावली ब्लॉक के द्वारा राहगीरों की पेयजल सुविधा को लेकर लगाए गए सरकारी हैंड पम्प कुछ अपनी बदहाली पर जर्जर हालत में आंसू बहा रहे हैं। तो कुछ सरकारी हैंड पम्पो का क्षेत्र एवं आसपास के गांव में बहुत बड़े पैमाने पर दबंग लोगों के द्वारा सरकारी हैंड पंपों में समरसेबल की मोटर डालकर निजी प्रयोग किया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण हरोड़ा मोड पर स्थित राव स्वीट के सामने लगा सरकारी हैंडपंप जिसमें समरसेबल डालकर उसको बंद कर दिया गया है।जोकि निजी स्वार्थ के लिए प्रयोग करने को लेकर खुद बयां कर रहा है। वहीं दूसरा मामला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अपोजिट सिंचाई विभाग के राजवाहे की पटरी पर लगे सरकारी हैंड पंप मे समरसेबल डालकर निजी प्रयोग करने का प्रकाश में आया है। सूत्रों की माने तो सिंभावली ब्लॉक से संबंधित गांव में लगाए गए। सरकारी हैंड पंपों की सूची की जांच कर इन हैंड पंपों की जांच कराई जाए।तो कुछ सरकारी हैंड पंप जर्जर हालत में पड़े हुए हैं। वही जो चालू हैंड पंप है उनमें दबंग लोगों के द्वारा समरसेबल की मोटर डालकर बहुत बड़े पैमाने पर निजी प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें सरकार के द्वारा सार्वजनिक जनहित में पेयजल के लिए लगाए गए हैं। लेकिन दबंग प्रवृत्ति के लोग सरकारी हैंड पंपों का खुलेआम दुरुपयोग करते हुए अपना निजी स्वार्थ पूरा कर रहे हैं।

एसपी ने कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली का औचिक निरीक्षण कर संबंधित को दिए दिशा निर्देश

संस्कार उजाला

जिला प्रभारी अमित शर्मा

गढ़मुक्तेश्वर/जनपद की कानून सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद सुदृढ़ बनाए रखने का नाम है एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह। जनता जनार्दन को भय मुक्त अपराध मुक्त माहौल प्रदान करने को लेकर अपनी ड्यूटी का बखूबी निर्वाह करते हुए ना रात देखते हैं ना दिन कभी भी किसी भी समय शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल क्षेत्र के थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ करते हैं औचिक निरीक्षण। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें रिकॉर्ड रूम, हवालात, दस्तावेजों के रखरखाव, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेक्स सहित साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक-ठाक पाये जाने के साथ लंबित विवेचनाओं को जल्द पूर्ण करने को लेकर संबंधित को दिए दिशा निर्देश।

मध्य गंगनहर में कूद कर आत्महत्या करने वाले युवक को नहर में नहाने वाले युवकों ने बचाया

संस्कार उजाला

गढ़मुक्तेश्वर/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैट गांव के सामने एक युवक के द्वारा मध्य गंग नहर में छलांग लगाकर की गई आत्महत्या करने की कोशिश। नहर में स्नान कर रहे युवकों के द्वारा आत्म हत्या करने के लिए नहर में छलांग लगाने वाले युवक को अथक प्रयास के बाद बचाया। बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लुहारी का बताया जा रहा है आत्महत्या की कोशिश करने वाला युवक।

संक्षिप्त डायरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन का किया आयोजन

संस्कार उजाला

संवाददाता चेतन शर्मा

चिलकाना (सहारनपुर) पठेड़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा ब्लॉक सरसावां के ग्राम बरथा कायस्थ पठेड़ में पथ संचलन का आयोजन किया गया जिला संघ संचालक दिनेश जी ने स्वयंसेवक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में हुई थी संघ की यात्रा 100 वर्ष में प्रवेश कर रही है इस अवसर पर खंड कार्यवाह मास्टर मांगेराम सैनी, जिला टोली प्रमुख हिमांशु गर्ग, निशांग जैन, सागर माहेश्वरी, जगपाल उपाध्यक्ष,सुधीर कुमार, अजय,सोनू,मोहित,आनंद,राकेश शर्मा, प्रमोद, अमन,आदि मौजूद रहे वही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना अध्यक्ष कपिल देव, व चौकी प्रभारी पठेड़ विपिन शर्मा फोर्स सहित मौजूद रहे

शिविर में की गई 300 रोगियों की जांच ,शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते रविंद्र सिंह व अन्य

संस्कार उजाला सहारनपुर

नागल। रविवार को जनता इंटर कॉलेज में राकेश चौधरी मेमोरियल हॉस्पिटल के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। डॉ अनुज पंवार ने कहा कि संस्था द्वारा ग्रामीणांचलों में रोगियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। शिविर का उद्देश्य ऐसे गरीब लोगों की सेवा करना है जो धन के अभाव में अपना इलाज व जांच नहीं करा पाते। शिविर में फिजिशियन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ आदि चिकित्सकों ने रोगियों की जांच की। इस दौरान कॉलेज प्रबंधक चौधरी विनय कुमार ने चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान संस्था के मैनेजर मुकेश सैनी, डॉ नवीन राजपूत, डॉ अभिनव अरोड़ा, डॉ गरिमा, डॉ ऋषभ कुमार, आशीष चौधरी, निशांत, रविंद्र सिंह, कल्पनाथ चौरसिया, मयंक नौसरान, राजेश दुबे, जयश्री, प्रवीण धवल, अंकुर, शाहिद, सुकेफ आदि रहे।

सड़कों पर सामान रखने से सड़कें सिकुड़ी ,सब्जी मंड़ीचैक पर अतिक्रमण के कारण लगे जाम में फंसे लोग

संस्कार उजाला संवाददाता

गंगोह (सहारनपुर) त्यौहारों का महीना आते ही बाजारों में रौनक बढने लगी है, वही दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सामान रखने से सड़कें सिकुड़ गई है, जिससे राहगीरों व स्कूली बच्चों की परेशानी बढ रही है। नगरपालिका व पुलिस प्रशासन कोई व्यवस्था नजर नही आ रही है। शिव चैंक के आसपास के बाजार अति व्यस्त बाजार में रोक-टोक न होने से दुकानदारों के हौसले बेहद बढ़ गए है। त्यौहारों के अवसर पर दो पैसे कमाने के लिए गरीब लोग भी सडक किनारे बैठ जाते हैं लेकिन इन अतिक्रमणकारियों के कारण वह भी परेशानी झेलते हैं। एक दूसरे की होड़ मे आगे बढने के कारण सडकें लगातार छोटी होती जा रही है। भले ही दुकान छोटी हो या बड़ी लेकिन सडकों पर कई फुट आगे तक सामान जरूर रखा मिलेगा। बता दें कि इन बाजारों से दलीप सिंह राष्ट्रीय इंटर कालेज व आर्य कन्या इंटर कालेज की हजारों छात्राएं को स्कूल जाना और आना पड़ता है जो जाम के कारण उनके साथ कोई भी घटना होने की संभावना बनी रहती है। ईओ लोकेंद्र सिंह का कहना है कि जल्द अति व्यस्त बाजारों में अभियान चलाया जाएगा।

ताले तोडकर दस लाख की चोरी में भाजपा नेता सहित नौ नामजद

संस्कार उजाला

संवाददाता अरविंद चौहान

गंगोह(सहारनपुर) एक दुकान के ताले तोडकर 10 लाख रुपयें का स्क्रैप चोरी करने के मामले में एक भाजपा नेता सहित नौ लोगों को नामजद करते हुए पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मोहल्ला कुरैशियान निवासी औरंगजेब ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 8 अक्टूबर की सायं लगभग बजे वह बाईपास मार्ग पर इंडेन गैस एजेंसी के समीप स्थित अपनी दुकान पर गया था। वहां दुकान के ताले टूटे हुए दुकान में रखा लगभग 10 लाख रुपएं का स्क्रेब गायब मिला। उसने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में मोहल्ला मोहम्मद गौरी निवासी सोनू व मनोज पुत्रगण पूरण, सतीश, अनिल व शिवकुमार पुत्रगण कपूरा, मोंटी, सौरभ, राजो देवी और मोहल्ला बुद्धुगढ निवासी पंकज के अलावा 5 अज्ञात लोगों को ताले काटते हुए देखा गया। आरोपी पंकज भाजपा की प्रकोष्ठ का पदाधिकारी बताया जाता है। केतवाली प्रभारी एचएन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तमाम सभावनाओं को मद्देनजर करके अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ, महेंद्र सिंह सैनी ने मामले की जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि यदि कोई भाजपा से जुडा व्यक्ति दोषी पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।भाजपा ओबीसी जिलाध्यक्ष राकेश आर्य सैनी ने भी उक्त बात दोहराई है।

सांकरा पर पक्का गंगा घाट व,रामघाट मार्ग पक्का करो के लिए बैनर तले किया प्रदर्शन

संस्कार उजाला

अलीगढ़ सांकरा को पर्यटन स्थल बनाओ मुहिम के तहत प्राचीन सांकरा गंगाघाट पर पक्का गंगाघाट सांकरा से रामघाट तक मार्ग के निर्माण राजा शंकर सिह के किले को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाये जाने को लेकर हाथो में वेनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन से पूर्व राजवीर सिंह यादव के लहरा सलेपुर स्थित आवास पर एक बैठक आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता धनसिंह कोहली ने की व संचालन के0सी0 यादव ने किया । इस अवसर पर सांकरा गंगाघाट पर्यटन विकास सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनय यादव ने बोलते कहा हमारी समिति सांकरा को पर्यटन स्थल बनाओ मुहिम के तहत सन 2012 से लगातार संघर्ष करती चली है बदायूँ बरेली सम्भल मुरारादावाद जनपदों को अलीगढ़ जनपद से जोड़ने वाला सांकरा मिठनपुर गंगापुल 100 करोड़ से भी अधिक लागत से बना है मार्गो के निर्माण न होने से गंगापुल का जनता को लाभ नही मिल पा रहा है अवशेष

15 मांगों में प्राचीन गंगाघाट पर पक्के गंगाघाट का निर्माण राजा शंकर सिह के किले पर्यटन स्थल का दर्जा रामघाट सांकरा मार्ग का निर्माण न0 भूड़ से डबल रोड का निर्माण कासगंज सांकरा मार्ग का डबल रोड निर्माण सांकरा गंगाघाट से मिठनपुर मार्ग का निर्माण सांकरा पर शासकीय डिग्री कालेज का निर्माण सांकरा पर शासकीय स्वास्थ्य हॉस्पिटल का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर पार्क का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर शासकीय गेस्ट हाउस का निर्माण सांकरा नवीन थाने का निर्माण सांकरा गंगाघाट पर महिलाओं के वस्त्र बदलने के स्थान सांकरा गंगाघाट पर सबदाह ग्रहों का निर्माण सांकरा गंगाघाट को जोड़ने वाले अलीगढ़ सांकरा कासगंज सांकरा रामघाट सांकरा बदायू सांकरा सम्भल सांकरा मार्गो पर रोडवेज वसो का संचालन व रोडवेज वस स्टैंड का निर्माण आदि मांगे पूरी नही हो जाती हैं। तब तक हमारी समति अलीगढ़ बदायूँ सम्भल जनपद के प्रत्येक ग्राम में क्रमवद्ध तरीके आंदोलन चलती रहेगी।इस अवसर पर रमेश चन्द्र देवेंद्र यादव अजय यादव टीटू यादव बाबू जी कोहली टीटू ठाकुर छोटे लाल रिकू सिह टिंचु कोहली गोविंद कोहली बंटी कोहली रामवीर कोहली कल्लू श्रीवास्तव गोपीचन्द्र देशराज यादव भूरे सिह सोनू माहेश्वरी राधेस्याम श्री वास्तव ब्रजेश श्री बास्तव पप्पू रावल गोविंद माहेश्वरी सोनू सक्सेना श्रीपाल यादव ठा0 रवेंद्र सिह पंकज सुमित सतेंद्र आदि लोगो का सराहनीय सहयोग रहा।

करवा चौथ व्रत के पावन पर्व पर शाहजहांपुर जेल में निरुद्ध

महिला बंदियों को करवा चौथ पर सजने संवरने के लिए श्रृंगार सामग्री एवं साड़ियां तथा करवा चौथ व्रत पूजा के लिए आवश्यक

संस्कार उजाला

जनपद शाहजहांपुर , शाहजहांपुर जेल सामग्री- करवा ,चूरा,देशी घी, बतासे, कलेंडर, मेंहदी, लिपिस्टिक, नेल पॉलिश,महावर, काजल, सिंदूर, विन्दी, चूड़ी, चावल आदि सभी महिला बंदियों को स्वयंसेवी संगठन- के सौजन्य से भेंट की गई ताकि सभी महिला बंदी जो करवा चौथ का व्रत रखे हुए हैं वह पूर्ण स्वराज सजा और पवित्र भावना और श्रद्धा के साथ अपना पूजन कर सकें और उन्हें जेल में बंद रहने का इस आधार पर कोई एहसास ना हो कि अगर घर होते तो हम इस तरह से त्यौहार मनाते। स्वयंसेवी संगठन- उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन की अध्यक्षा श्रीमती नीलम गुप्ता और उनकी टीम के द्वारा कारागार पर उपस्थित होकर उक्त सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मिजाजीलाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे सभी महिला बंदी उक्त सामग्री प्रकार बहुत खुश दिख रही थी जैसे की उनके घर पर रहने या कारागार में निरुद्ध रहने में करवा चौथ

का व्रत करने में कोई अंतर नहीं रहा बल्कि उन्होंने कारागार में निरोध रहकर पूरे साथ सजा के साथ तरीके से अनेक अनेक महिलाओं के साथ करवा चौथ का व्रत विधि विधान से किया और जेल प्रशासन के द्वारा उन्हें सभी सुविधाएं और सामग्री उपलब्ध कराई गई ।उससे सभी महिला बंदी बहुत खुश नजर आ रहीं थीं। इसके बाद सभी महिला बंदी उक्त सामग्री और साड़ियों आदि से तैयार होकर निर्धारित समय पर चांद के दीदार करते हुए अपने पति की दीघार्यु की कामना करेंगीं। और अपने पति को सामने बिठाकर उसका पूजा अर्चन करेंगीं। जिसके लिए जेल प्रशासन के द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। ज्ञातव्य है कि सभी महिला बंदियों को पूर्व में ही साड़ियां एवं सूट उपलब्ध कराए गए थे तथा मेहंदी याद उपलब्ध करा दी गई थी तथा उन्हें मेहंदी रचने का प्रशिक्षण भी दिल दिया गया था ताकि सभी महिला बंदी करवा चौथ के व्रत पर अपने हाथों पर मेहंदी रख सके और परंपरागत तरीके से सज धज सकें। आज स्वयंसेवी संगठन- उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउण्डेशन एवं उसकी अध्यक्षा श्रीमती नीलम गुप्ता तथा उनकी टीम का जेल प्रशासन की तरफ से आभार प्रकट किया जाता है एवं यह अपेक्षा की जाती है कि वह भविष्य में भी जरूरत के समय कारागार में निरुद्ध गरीब बंदियों को उनकी आवश्यकता अनुसार आवश्यक सहयोग एवं सामग्री उपलब्ध कराती रहें।

संक्षिप्त डायरी

गुम हुए तीन बच्चों को एक घंटे के भीतर पुलिस ने किया सकुशल बरामद।

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपदीय पुलिस महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा हेतु निरन्तर गश्त एवं नियमानुसार यथा सम्भव सहायता हेतु निर्देश दिये जाते रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार दिये जा रहे निदेशी के अनुपालन में बीस अक्टूबर 2024 को थाना कोतवाली देहात पर डायल 112- पीआरवी 6054 पर तैनात पुलिसकर्मियों के द्वारा दूरभाष के माध्यम से बताया गया कि इवेंट सूचना संख्या-5388 समय10 :04 बजे कॉलर द्वारा अपने दो बच्चे छः वर्षीय सूर्यांश सिंह, श्रद्धा सिंह उम्र 4 .5 वर्ष निवासी बिजवारखुर्द बाला जीपुरम थाना कोतवाली देहात सीतापुर व पड़ोसी की एक पांच वर्षीय बच्ची अन्या वर्मा निवासी उपरोक्त नहीं मिल रहे है। प्राप्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर परिजनों से सम्पर्क कर जानकारी लेने के पश्चात गुमशुदा बच्चो की तत्काल बरामदगी हेतु पुलिस टीम को रवाना किया गुमशुदा बच्चों की तलाश के दौरान उपरोक्त बच्चे पुलिस टीम को सदर बाजार थाना कोतवाली नगर सीतापुर क्षेत्र के अन्तर्गत सीतापुर शहर की तरफ जाते हुए मिले। जिन्हे एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद करते हुए उनके परिजन के सुरक्षित सुपुर्द कर उसके घर रवाना किया गया। परिजन द्वारा पुलिस टीम के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। गुमशुदा बच्चों की सकुशल बरामदगी में थाना कोतवालीदेहात पुलिस टीम के उपनिरीक्षक बलेन्द्र सिंह, कृष्ण चन्द्र मोहन सक्सेना, मुख्य आरक्षी संदीप कुमार सिंह,रवीन्द्र कनौजिया, आरक्षी सर्वेश कुमार,महिला आरक्षी ऋचा यादव, सहित श्रुति आर्या शामिल रहीं।

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते चार फुट पर लटक रहे हैं 11 हजार लाइन के तार कई दिन पूर्व चोटिल हो चुके है कई किसान

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

वैसे तो बिजली विभाग के किस्से लगातार किसी न किसी प्रकार के सुने जाते रहे हैं लेकिन जिले के हरगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव में बिजली विभाग का किस्सा तो जानलेवा साबित हो रहा है। जिले के विद्युत वितरण उप खण्ड हरगांव के अन्तर्गत मुद्रासन गांव को आयी ग्यारह हजार की विद्युत लाइन के तार चार फुट पर झूल रहे है ।जिससे खेतों में कार्य करने वाले किसानों के साथ किसी भी समय कोई भी दुर्घटना हो सकती है। बताने के अनुसार जिले हरगांव विकास खण्ड के उप विद्युत वितरण खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुद्रासन को आने वाली एच टी लाइन के तार जमीन से चार फुट पर झूल कर किसानों के साथ दुर्घटना का सबब बने हुए हैं । विकास खण्ड क्षेत्र के मुद्रासन ग्राम पंचायत में हरगांव पावर हाउस से मद्रासन फीडर से मुद्रासन गांव आने वाली बिजली लाइन की स्थिति दयनीय नजर आ रही है। मुद्रासन गांव के उत्तर साइड में निकली बिजली की लाइन जो ग्यारह हजार वोल्ट की बताई जा रही है ।जिसके तार जमीन से मात्र चार फुट की ऊंचाई पर लटक कर मौत को दावत दे रहे है। जिससे ग्रामीणों को काफी हद तक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। जिससे ना तो किसान अपने खेतों की बुवाई कर सकता है ना तो जुताई ही कर सकता है। ना खड़े धान की फसल की कटाई ही कर सकता है ।क्योंकि ग्यारह हजार वोल्ट की लाइन के तार इंसान के सर में लगने लगते हैं। जिससे खतरा बना हुआ है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिन पहले इसी लाइन के चपेट में आने से तीन-चार लोग चोटिल भी हो चुके हैं ।जब इस मामले पर फोन द्वारा एक्सईएन बिसवां से बात की गई ।तो उन्होंने तत्काल हरगांव जेई व एसडीओ हरगांव को अवगत कराया और इस मामले पर जल्द से जल्द कार्य कराने की बात भी कहीं। अब देखना यह है कि हरगांव पावर हाउस में बैठे अधिकारी इस मामले पर संज्ञान लेते हैं या फिर किसान इसी तरह से बिजली की चपेट में आकर हादसे का शिकार होते रहेंगे। यह तो आने वाला समय ही बताइएगा।

मिशन शक्ति फेज-V के तहत आयोजित हो रहे कार्यक्रम।

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बीस अक्टूबर 2024 को पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान ह्लमिशन शक्ति फेज-5ह्व के क्रम में जिले के समस्त थानों की महिला सुरक्षा पुलिस टीमों द्वारा सुरक्षा,शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपने अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले भीड़-भीड़ वाले इलाकों, सुनसान क्षेत्रों,मन्दिरों, कोचिंग संस्थानों,रेलवे स्टेशनों,बस स्टॉप आदि पर निरंतर सतर्क नजर रखी जा रही है तथा बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों/मनचलों आदि को कड़ी चेतावनी देते हुए बच्चो/महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही बच्चों/महिलाओं/बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरुक करने के

उद्देश्य से जनपद के थाना नैमिषारण्य टीम द्वारा ग्राम जलालपुर,थाना कोतवाली देहात टीम द्वारा ग्राम बंभन पुरवा,थाना मछरेहटा टीम द्वारा ग्राम कुदोली, थाना महमूदाबाद, हरगांव, बिसवां की टीमों द्वारा बस स्टॉप/कोचिंग संस्थान/स्टेशन आदि एवं अन्य समस्त थानों के महिला सुरक्षा दलों/मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा भी अपने थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामों/कस्बो/मोहल्लो/कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठशाला/चौपाल आदि लगाकर महिलाओं/बच्चों/छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध,कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो,बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी जा रही है। बालिकाओं को पिंक बूथ एवं थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में बताते हुए उन्हें अपनी समस्या निर्भीक होकर पिंक बूथ या महिला हेल्प डेस्क/महिला चौकी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को बताने के लिये कहा गया एवं बच्चो से गुडटच-बैडटच के विषय में चर्चा कर इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपनेअभिभावकों या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया।

महिला हिंसा से सम्बन्धित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090,पुलिस आपात कालीन सेवा112,सीएम हेल्पलाइन नंबर1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,वन स्टॉप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा108, जन सुनवाई पोर्टल,स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क,राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

बाबूगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लाखों रुपए के पटाखों के साथ किराना व्यापारी को गिरफ्तार किया

संस्कार उजाला

हापुड़/जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के कुशल आदेश अनुपालन में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने को लेकर आतिशबाजी का भंडारण एवं बिक्री करने को लेकर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ सराफा बाजार में किराना व्यापारी के यहां छापामार कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान किराना व्यापारी की दुकान से 10 कार्टून आतिशबाजी पटाखे बम के साथ किराना व्यापारी नितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसको निजी मचलके पर कार्रवाई करने के साथ थाने से रिहा किया गया। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी विजय गुप्ता का कहना है कि प्रदूषण फैलाने को लेकर एयर क्वालिटी से खिलवाड़ किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं जाएगा। आतिशबाजी बिक्री करना भंडारण करना प्रशासन के नियम के विरुद्ध पटाखों की बिक्री करने एवं भंडारण करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

स्वास्थ्य कैंप का आयोजन पुनीत कार्य :जनक कुमारी सिंह

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

स्वास्थ्य कैंप का आयोजन बहुत ही पुनीत कार्य है यह बात जिले के विकास खण्ड कसमंडा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नयागांव के पंचायत भवन नयागांव पर मां चंद्रिका देवी इंस्टीट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर बक्शी तलाब लखनऊ के द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सम्बोधित करते हुए प्रधान जनक कुमारी सिंह ने कही। प्रधान ने डॉक्टर सहित स्वास्थ्य शिविर की टीम का तिलक लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण अंचल के गरीब परिवारों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य परामर्श मिल जाता है और उनको भाग दौड़ और डॉक्टर की फीस तथा किराये सहित समय की बचत की होती है। शिविर में सत्य प्रकाश सह जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कहा समाज के लिए जब भी कोई सेवा कार्य हो उसमें सभी को सहयोग बगैर किसी भेद भाव के करना चाहिए सबके सहयोग से इस तरह के कार्यक्रम सफल होते हैं और लोगों को इसका लाभ मिलता है। माँ चंद्रिका देवी इंस्टिट्यूट एण्ड रिसर्च सेंटर के जन-सम्पर्क अधिकारी यशवेंद्र सिंह ने कहा संस्थान की डारेक्टर गायत्री सिंह के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में साठ मरीजों ने रजिस्ट्रेशन करवाया जिनको डॉक्टर यदुवेंद्र मिश्रा के द्वारा परामर्श प्राप्त हुआ। कैंप में ब्लड प्रेशर,शुगर, आंखों की जांच निःशुल्क की गई और मरीजों को दवाई दी गई ।ऑपरेशन वाले मरीजो को हॉस्पिटल बुलाया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर यदुवेंद्र मिश्र,यशवेंद्र सिंह जनसम्पर्क अधिकारी, अंबिका,अनुज,कन्हैया फार्मासिस्ट सहित प्रधान जनक कुमारी सिंह,सत्य प्रकाश सिंह सह जिला सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वेद सिंह, भानुप्रताप सिंह जयकरण सिंह,महेश सिंह उमेश पाल सिंह बबलू सिंह,नैमिष सिंह,जय सिंह पाल,अरविंद सिंह,रिया सिंह शिव शरण सिंह,राजेश कुमार सिंह,भीम सिंह, विनोद कुमार सिंह,सुमी सिंह,ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन के कार्यकर्ता सहित सहयोगी गण उपस्थित रहे।

अटल सेवा संगठन द्वारा किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

भारतीय अटल सेवा संगठन के जिले की टीम द्वारा जिले की स्पर्श होटल में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पत्रकार एवं शिक्षको का सम्मान करने के साथ-साथ संगठन में जुड़े नए सदस्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव शुक्ला,नगर अध्यक्ष मनोज वर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा,अखिलेंद्र अग्निहोत्री, नितिन प्रकाश,प्रेम,पंकज , जीतू,प्रशांत,रामनिवास, अजय, आदि भारी संख्या में सदस्य लोग उपस्थित रहे।

हजरत सैय्यद शाह मजा कलंदर का तीन सौ बासठवां तीन दिवसीय उर्स हुआ सम्पन्न।

महफिले समा तथा हुए अन्य कार्यक्रम। हमे अपने माता पिता और बड़ों का आदर सम्मान करना चाहिए तथा दिखावे से दूर रहें :- सैय्यद गयास मियां सज्जादानशीन

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

जिले के कस्बा लहरपुर के स्थानीय दरगाह कलंदरिया में हजरत सैय्यद शाह मजा कलंदर का तीन दिवसीय तीन सौ बासठवें वार्षिक उर्स के अन्तिम दिन विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस कार्यक्रम में सायं काल घर पर तथा दरगाह शरीफ में फातिहा खास का आयोजन किया गया। इसके पूर्व प्रातः कुरान ख्वानी तथा सूफियाना कव्वाली भी हुई इस कुल शरीफ की महफि ल में सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां ने कहा कि अपने माता पिता तथा अपने बड़ों का आदर सम्मान करें तभी हम सफलता की मंजिल को पा सकते हैं।

इन कार्यक्रमों में सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां के अलावा दरगाह बड़े मखदूम साहब खैराबादी के सज्जादा नशीन शोएब मियां दरगाह हजरत छोटे मखदूम साहब के सैय्यद अजीजुल हसन रिजवी मदनी मियां, दरगाह हाफिजिया,असल मियां के हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी इलाहाबाद के सैय्यद नसर मियां,काकोरी शरीफ के सैय्यद ज़िया मियां, सैय्यद मोहम्मद शोएब मियां,सुन्नी सेंट्रल बोर्ड वक्फ के चेयरमैन जुफर फारूकी, सैय्यद वसीक अहमद किरमानी,सैयद खुरशीद अहमद किरमानी,बड़े मखदूम साहब की दरगाह कमेटी के सदस्य साद फारूकी सादी मियां,सैय्यद फरजान मियां,सैय्यदइमरान काजिम हुसैन,सैय्यद नावेद असलम हाशमी,सैय्यद फरहान मियां,कारी इस्लाम अहमद आरफी,हाजी सोहराब अली कादरी,वरिष्ठ अधिवक्ता जेड आर रहमानी नफीस अहमद,अनवर अली अमीर अंसारी,रियाजुद्दीन आरफी, सलमान, शराफत खां ,हारून मियां कुरैशी खीरवी ,आदि उपस्थित थे।

पुलिस ने चोरी की योजना बनाते चार अभियुक्त को पकड़ कर भेजा जेल

संस्कार उजाला

शाहजहांपुर थाना पुलिस ने कई थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिर चोरों के पास से तमंचा करतूस समेत चोरी करने के उपकरण बरामद हुए हैं। पूछताछ में गिरफ्तार किए गए चोरों ने एक दर्जन से ज्यादा चोरियों की घटनाओं को कबूल किया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार किए गए साथी चोरों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। दरअसल बण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इलाके में शातिर चोर किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी करके मौके से चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए चोरों के पास से एक तमंचा कारतूस और चोरी के उपकरण बरामद हुए हैं। इसके अलावा उनके पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। पूछताछ में

पता चला है कि गिरफ्तार किए गए चोर चार थाना क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सामान चुराने के बाद यह लोग कबाडी के हाथों सामान बेच देते थे और आपस में पैसे बांटकर मौज मस्ती करते थे। पूछताछ में यह भी पता लगा है कि आज यह लोग किसी बड़े लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। लेकिन इससे पहले वह पुलिस की हत्थे चढ़ गए। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार किए गए शातिर चोरों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। पंकज पंत, सीओ पुवायां

खुटार के रामलीला मेले में खूब लगे भारत माता के जयकारे,पत्रकार, समाजसेवी, किसान और प्रधान किए गए सम्मानित

संस्कार उजाला

खुटार शाहजहांपुर खुटार श्री रामलीला मेला समिति खुटार की ओर से शनिवार रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में ओज के कवियों ने समां बांध दिया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदेमातरम के खूब नारे लगाए गए। राजा विजय शाह जू देव के माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित और पूजन करने के बाद सरिता वाजपेयी ने माता सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। कवि रामबाबू शुक्ला ने सुनाया, कविता है आशा निराशा नहीं है, कविता खुशी है हताशा नहीं है। कविता उतरती कठिन साधना से, कविता को लिखना तमाशा नहीं है। कवि अरविंद पंडित ने सुनाया, कभी आतंक को चंगा नहीं होने देंगे, चोट से घायल तिरंगा नहीं होने देंगे। कसम ये खाएं कि आतंक को मिटा के लेंगे दम, हम अपने देश में दंगा नहीं होने देंगे। बरेली से आए कमलकांत तिवारी ने सुनाया, कह दो भारत की संसद से और सियातदारों से, जंग नहीं जीती जाती है, जंग लगे हथियारों से। शाहजहांपुर की सरिता वाजपेयी ने सुनाया, नयनों में नए स्वप्न जगाती हैं चूड़ियां, कलाई में पहली बार जब आती हैं चूड़ियां। इन चूड़ियों का मोल किसी मां से पूछिए, कंगन से मिल के घर भी बसाती हैं चूड़ियां। डॉ. इंदु अजनवी ने सुनाया, ग्रीष्म है तुमसे ही, तुमसे ये शीत बनता है, स्वर तुम्हीं से हैं ये तुमसे संगीत बनता है। तुम्हारे स्वांस की लय ही तो सही सरगम है, तुम जो कहते हो वहीं शब्द गीत बनता है। रायबरेली से आए डॉ. गोविंद गजब ने सुनाया, मयार्दा और शक्ति के हैं पुण्यधाम जी, नयनों में बस गए हैं वो नयनाभिराम

जी। वर्षों तलक जो टेंट में रहे हैं अब वही, मंदिर में हो गए विराजमान रामजी। इसके अलावा मुंबई से आए अल्हड़ असरदार, लखीमपुर से आए आलोक पंडित ने भी कविता पाठ किया। कवि सम्मेलन से पूर्व वर्ष 2018 में चाइना बार्डर पर शहीद हुए सैनिक गुरजीत सिंह के पिता बलवीर सिंह, केएमसी फार्म के पास शहीद पार्क की स्थापना करने वाले जगदेव सिंह, बागवानी से खेती को नए आयाम देने वाले छेदीपुर के हरपाल सिंह, तिंदुआ फार्म के किसान राजेंद्र सिंह हॉडा, खमरिया गदियाना की प्रधान नवदीप कौर, मुरादपुर की प्रधान अनामिका वर्मा, समाजसेविका रोशनी बाल्मीकि, साहित्य सेवा के लिए मुंबई के अल्हड़ असरदार, लखीमपुर के सतीश शुक्ल को राजा विजयशाह जू देव ने रानी चंदेली देवी स्मृति गौरव सम्मान प्रदान किया। मीडिया कर्मियों, मेला समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों और समाज सेवा के लिए कई लोगों को सम्मानित किया गया।

स्कूल के मिड-डे मील में निकला कीड़ा। छात्राओं के बीच मचा हड़कम्प।

आधे बच्चे खा चुके थे खाना वीडियो हुआ वायरल

संस्कार उजाला

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

वैसे तो उत्तर प्रदेश में मिड डे मिल योजना की गुणवत्ता पर पहले भी कई बार सवाल उठ चुके हैं लेकिन जिम्मेदारों ने उठे सवालों से सबक लेकर भी उसमें सुधार करना मुनासिब नहीं समझा ।और अब एक बार फिर से मिड डे मील योजना के तहत गुणवत्ता विहीन भोजन परोस कर बच्चों की सेहत के साथ जिम्मेदारों के द्वारा खिलवाड़ किया गया है। हम बात करते हैं उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर के विकास खण्ड कसमण्डा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुसमौरा की जहां शुक्रवार को मिड डे मिल में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। मेन्यू के मुताबिक खिचड़ी छात्राओं को खाने के लिए दी गई थी। जिसमें खाने के दौरान छात्रा छात्राओं की थाली में खाने के बीच कीड़ा दिखाई दिया जिसके बाद छात्राओं में हड़कम्प मच गया। वहीं तब तक आधे से अधिक छात्राएं भोजन कर चुके थे ।जैसे ही यह बात प्रधान अध्यापक के सामने आई तो स्कूल के प्रधान अध्यापक ने बच्चों को खाने से रोक दिया ।साथ ही सभी के द्वारा भोजन को फेंक दिया गया। तब तक कुछ बच्चों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इस सम्बन्ध में जब खण्ड शिक्षा अधिकारी से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि हमें जानकारी नहीं है यह सब प्रधान को अवगत करायें। इस प्रकार इस मामले में कहीं ना कहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी गैर जिम्मेदाराना बयान देते हुए नजर आये।

50 हजार रुपये के लिए हरियाणा पुलिस का एएसआई बेच दिया ईमान, एसीबी ने किया गिरफ्तार

सोनीपत। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सोनीपत जिला के सिटी पुलिस थाने में तैनात एएसआई बलवान सिंह को 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता के भाई को समझौते की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले में रिश्वत की मांग की गई थी। इस मामले में गहनता से जांच जारी है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायकर्ता ने उसके भाई के खिलाफ सिटी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। जिस संबंध में दोनों पक्षों के बीच में समझौता हो गया था।आरोपी बलवान सिंह शिकायतकर्ता के भाई को समझौते की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले में 50 हजार की रिश्वत की मांग कर रहा है। इस मामले में आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से 3.50 लाख रुपए की रिश्वत पहले ही ली जा चुकी है। मामले की पुष्टि करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए योजना बनाई। रेड के दौरान आरोपी बलवान सिंह रिश्वत की राशि लेकर मौके से फरार हो गया, जिसे कुछ देर बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम द्वारा पकड़ लिया गया था। आरोपी के खिलाफ रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही की गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो रोहतक के प्रभारी तेजपाल ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि सिटी थाने में झगड़े के दौरान दोनों भाइयों का समझौता हो चुका था। उसके बावजूद भी समझौते की प्रति उपलब्ध कराने के लिए एएसआई बलवान सिंह ने 50 हजार की मांग की थी। बलवान पहले भी 3 लाख 50 हजार रुपए ले चुका था। बलवान को रिश्वत के पैसों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। मामले में गहनता से जांच की जा रही है।

करवा चौथ पर पति की आंखों के सामने पत्नी की मौत, पति के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी मृतका

करनाल। हरियाणा के करनाल जिले में ताऊ देवी लाल चौक पर अज्ञात ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति घायल हो गया। महिला अपने पति के साथ रिश्तेदार के यहां संवेदना व्यक्त करने जा रही थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक रविवार को करवा चौथ के दिन करनाल के कर्ण विहार निवासी बाला देवी अपने पति सुभाष के साथ बाइक पर सवार होकर शिव कॉलोनी में रिश्तेदार के घर जा रही थीं। वे अपने परिवार में किसी ऐसे व्यक्ति के यहां संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे, जिसकी दस दिन पहले मौत हो गई थी। सुभाष ने बताया कि ताऊ देवी लाल चौक के पास वे पहुंचे ही थे कि पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक आया और बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाला देवी सड़क पर गिर गई और वह दूसरी साइड गिरा। ट्रक उसकी पत्नी बाला को कुचलता हुआ मौके से फरार हो गया। वहीं जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि महिला बाला देवी की मौत हो गई है, जबकि उसके पति सुभाष घायल हुए है। घायल को अस्पताल भेज दिया है और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

हरियाणा में किसानों की गिरफ्तारी के आदेश : पराली जलाने पर सरकार सख्त...मुख्य सचिव ने डीसी की ली मीटिंग

कैथल। पराली जलाने के मामले में सरकार एक्शन मोड में आ गई है। हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आदेश जारी किए हैं कि जिन मामलों में किसानों के खिलाफ पराली जलाने के संदर्भ में केस दर्ज किए गए हैं उनकी जल्दी गिरफ्तारी की जाए। इसके संदर्भ में कैथल पुलिस ने भी कार्रवाई करना शुरू कर दी है। डीएसपी वीरभान ने बताया कि सरकार के आदेशों अनुसार उन्होंने संबंधित थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि जिन किसानों के ऊपर पराली जलाने के मामले दर्ज हुए हैं, उनकी आज ही गिरफ्तारी की जाए।

कैथल में अब तक सामने आए पराली जलाने के 123 मामले

वहीं कृषि विभाग के उपनिदेशक बाबूराम ने बताया कि कैथल में अब तक पराली जलाने के 123 मामले सामने आ चुके हैं, इनमें से 63 किसानों पर जुर्माना लगा 1 लाख 57 हजार रुपयों की रिकवरी कर ली है। इसके साथ ही पराली जलाने वाले 11 किसानों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 11 एफआईआर दर्ज करवाई गई है। कैथल उपायुक्त विवेक भारती ने बताया कि आज चीफ सेक्रेटरी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा ली गई मीटिंग में आदेश मिले हैं कि पराली जलाने के मामलों में सख्त से सख्त कार्रवाई करनी है, ताकि बढ़ रहे मामलों पर रोक लगाई जा सके। सुप्रीम कोर्ट द्वारा तलब किए गए आदेशों पर उन्होंने बताया कि उनके पास अभी कोई लिखित में आदेश नहीं आई है न्यूज़ पेपर के माध्यम से उन्हें इसकी सूचना मिली है।

रोडवेज की बस ने बाइक सवार को कुचला, इलाज के दौरान गई जान

रादौर (कुलदीप सैनी) -प्रदेश में आए दिन सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है जहां रादौर के एसके मार्ग पर देर रात हरियाणा रोडवेज यमुनानगर डिपो की एक बस ने बाइक सवार को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद बस चालक बाइक सवार को काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान गांव चमरोड़ी के सुभाष के रूप में हुई है। गांव चमरोड़ी निवासी प्रवेश ने बताया कि हादसे में मृतक व्यक्ति उनके गांव का है। प्रवेश ने बताया कि जैसे ही वह सड़क से मुड़ने लगा अचानक पीछे से आ रही बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

गोहाना को जिला, फाटक और जाम मुक्त बनाना है टारगेट : अरविंद शर्मा

चंडीगढ़। जाटलैंड और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गढ़ कहे जाने सोनीपत जिले की गोहाना विधानसभा सीट पर इस बार पहली बार भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल हुई है। डॉ. अरविंद शर्मा इससे पहले रोहतक लोकसभा से दीपेंद्र हुड्डा को भी चुनाव में मात दे चुके हैं। ऐसे में गोहाना में पहली बार कमल का फुल खिलाने वाले भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ डॉ. अरविंद शर्मा को पार्टी ने हरियाणा कैबिनेट में शामिल किया है। मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की जनता के लिए उनकी क्या प्राथमिकताएं रहेंगी। गोहाना में पहली बार कमल का फुल खिलाने पर वहां की जनता को बधाई देते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में गोहाना को जिला बनाने के साथ गोहाना को फाटक और जाम मुक्त बनाना शामिल है। इसके अलावा समय-समय पर जनता के बीच से जो भी समस्याएं उनके पास आएंगी, उसे भी वह दूर करवाने का कार्य करेंगे।

राव नरबीर सिंह ने ली अधिकारियो की तगड़ी क्लास, बोले- गुरुग्राम को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना मेरी प्राथमिकता

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाना मेरी प्राथमिकता है। शहर को पॉलीथिन-अतिक्रमण व जाम मुक्त शहर के एजेंडे पर हमें आगे बढ़ना होगा।

राव नरबीर सिंह शनिवार को जिला गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राव नरबीर सिंह हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ग्रहण करने के उपरांत पहली बार गुरुग्राम में अधिकारियों की बैठक लेने पहुंचे थे।

कैबिनेट मंत्री ने बैठक में गुरुग्राम शहर के विकास को लेकर अपना विजन और एजेंडा रखते हुए कहा कि सभी अधिकारी दीवाली तक गुरुग्राम शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए कार्य करें। गुरुग्राम शहर की सड़कों व जलभराव को लेकर उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण या मरम्मत से पहले ड्रेनेज सिस्टम की सफाई की जाए। उसके उपरांत फुटपाथ सही किए जाए तथा इसके बाद सड़कों का सुधारीकरण किया जाए। जब तक सड़कों पर पानी की निकासी का सिस्टम दुरुस्त नहीं होता तब तक किसी प्रकार का सुधारीकरण न किया जाए। इस कार्य में संबंधित एरिया की आरडब्ल्यूए से भी लिखित में संतुष्टि पत्र लेना होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गुरुग्राम को उसकी वैश्विक छवि के अनुरूप सुंदर व

सुव्यवस्थित शहर बनाया जाए। ऐसे में वे अधिकारी जिनके पास दो स्थानों का चार्ज है वे दीवाली से पहले एक जगह का चार्ज छोड़ दें ताकि गुरुग्राम में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा सके।

उन्होंने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कचरा एकत्रित करना, सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण, शहर के प्रमुख सड़क मार्गों के सुदृढ़ीकरण व सुंदरीकरण, विभिन्न क्षेत्रों में ड्रेनेज सिस्टम, अतिक्रमण, यातायात प्रबंधन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाबतलबी भी की।

राव नरबीर सिंह ने चुनाव के दौरान आमजन व विभिन्न संगठनों से मिले फीडबैक के आधार पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गुरुग्राम के विकास में किसी प्रकार की कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। साथ ही जिन अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर पब्लिक का फीडबैक सहीं नहीं है वे भी अपनी कार्यशैली में सुधार करें। उन्होंने विभागवार अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए कहा कि गुरुग्राम एक वर्ल्ड क्लास शहर है और इसके विकास को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने शहर के कुछ चिन्हित स्थानों का जिक्र करते हुए कहा कि घाटा टी पॉइंट से राष्ट्रीय राजमार्ग 48 तक पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। वहीं हिल्टन रोड सेक्टर 50 से गोल्फ कोर्स रोड पर भी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने शहर के यातायात प्रबंधन को लेकर भी पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए सही एक्शन प्लान तैयार करें।

इंदौर व कोटा शहर से सीख लेने की दी नसीहत

कैबिनेट मंत्री ने बैठक में कहा कि स्वच्छता इंडेक्स में इंदौर व कोटा शहर अन्य शहरों के लिए उत्कृष्ट उदाहरण है। गुरुग्राम में भी ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए विकास का विजन रखने वाले अधिकारियों को इन शहरों का दौरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शहर के स्वच्छता इंडेक्स में बढ़ोतरी के लिए जिला प्रशासन व आमजन को सामूहिक प्रयास करने होंगे। कैबिनेट मंत्री ने आमजन से भी आह्वान किया कि वे सरकार व प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहभागी जरूर बने।

दोबारा अतिक्रमण हुआ तो संबंधित क्षेत्र के एसएचओ होंगे जवाबदेह

राव नरबीर सिंह ने शहर में जारी अतिक्रमण मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि एनफोर्समेंट ड्राइव के उपरांत वही लोग पुन- उस स्थान पर अतिक्रमण कर रहे हैं। उन्होंने सीपी विकास कुमार अरोड़ा को निर्देश दिए कि निर्धारित स्थान पर एक बार अतिक्रमण हटाने के बाद पुन- वहां कब्जा हुआ तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसएचओ जवाबदेह होंगे।

इस अवसर पर जीएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, गुरुग्राम नगर निगम आयुक्त नरहरि सिंह बांगड़, मानेसर निगम आयुक्त अशोक गर्ग, सहित सभी विभागों के एचओडी व संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

रात के अंधेरे में डीएपी खाद का इंतजार करते रहे किसान, फिर भी नहीं मिली खाद...मायूस होकर लौटे अन्नदाता

चरखी दादरी। दादरी जिले के बाढ़ड़ा कस्बे के खाद बिक्री केंद्र पर रात के अंधेरे में भी किसान डीएपी खाद का इंतजार करते रहे। लेकिन डीएपी के करीब एक हजार बैग खाद बिक्री केंद्र पर पहुंचने के बाद भी उनका वितरण नहीं हो सका। जिसके चलते दिनभर से डीएपी लेने के लिए इंतजार में बैठे में किसानों को मायूस होकर खाली हाथ लौटना पड़ा। बता दें कि रबी सीजन की फसलों की बिजाई का समय आ चुका है लेकिन चरखी दादरी जिले में किसानों को डीएपी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। समय पर डीएपी खाद नहीं मिलने के कारण फसलों की बिजाई का समय प्रभावित हो रहा है। किसानों को शनिवार को सूचना मिली थी कि सरकारी खाद बिक्री केंद्रों पर डीएपी पहुंचेगी। जिसके चलते शनिवार को दिनभर किसान खाद बिक्री केंद्रों पर डेरा डाले बैठे रहे। डीएपी के इंतजार में किसानों वहां बैठे रहे। देर शाम बाढ़ड़ा में करीब एक हजार डीएपी के बैग पहुंचे।

रात में मजदूर नहीं मिलने से अनलोड नहीं हुए ट्रक

रात के समय मजदूर नहीं मिलने के कारण डीएपी के ट्रक अनलोड नहीं किए जा सके। खाद बिक्री केंद्र प्रबंधक ने किसानों को साफ तौर पर कहा कि ट्रक अनलोड हुए बगैर डीएपी का वितरण नहीं करवाया जा सकता। वहीं रविवार को अवकाश के चलते वितरण नहीं किया जा सकता। अब सोमवार को ही डीएपी का वितरण किया जाएगा। जिसके बाद दिनभर से इंतजार कर रहे किसान मायूस होकर खाली हाथ घर लौटने को मजबूर हुए। डीएपी लेने पहुंचे किसान वेदप्रकाश काकड़ौली, भीम सिंह डालावास, मंदीप, सतबीर आदि ने कहा कि वे दिनभर खेतों में काम छोड़कर डीएपी के इंतजार में बैठे रहे लेकिन उन्हें डीएपी नहीं मिल पाई। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन को शीघ्र किसानों को डीएपी उपलब्ध करवानी चाहिए।

5 हजार डीएपी बैग की डिमांड भेजी गई थी

बाढ़ड़ा खाद बिक्री केंद्र प्रबंधक जयवीर मलिक ने बताया कि उनके द्वारा 5 हजार डीएपी बैग की डिमांड भेजी गई थी लेकिन बाढ़ड़ा में फिलहाल एक हजार बैग ही पहुंचे हैं। श्रमिक नहीं मिलने के कारण रात के समय ट्रक अनलोड नहीं हो पाए जिसके चलते खाद का वितरण नहीं हो पाया है। वहीं रविवार को अवकाश है जिसके चलते सोमवार को डीएपी का वितरण किया जाएगा।

'38 मिनट सीसीटीवी बंद कर ईवीएम मशीनों में की गई धांधली', चुनावी नतीजों को लेकर अदालत पहुंचे करण दलाल

पलवल। हरियाणा में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। इसको लेकर कांग्रेस नेताओं के बयान सामने आ रहे है कोई ईवीएम को लेकर तो कोई चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे है। वहीं आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पलवल से कांग्रेस उम्मीदवार रहे करण सिंह दलाल ने भी भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप ही नहीं बल्कि ईवीएम मशीनों में धांधली का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय में याचिका भी लगा दी है। उन्होंने कहा कि जिले के पुलिस कप्तान ने लोगों को डरा धमकाकर भाजपा के पक्ष में मतदान का भी दबाव बनाया।

38 मिनट के लिए सीसीटीवी कैमरे बंद कर की गई धांधली

हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि मतगणना की रात्रि पलवल स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरे 38 मिनट के लिए बंद करके ईवीएम मशीनों में धांधली की गई है। हमने कैमरे बंद होने की शिकायत तुरंत स्थानीय प्रशासन को दी थी, जिन्होंने हमें सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराने का आश्वासन दिया। बार-बार फुटेज मांगने पर हमें फुटेज मुहैया नहीं कराई गई, जिसके चलते हमें अदालत का सहारा लेना पड़ा है और उन्होंने देश के उच्चतम न्यायालय में इसकी याचिका लगा दी है।

करन दलाल ने कहा कि उन्हें अदालत पर भरोसा है जल्द ही माननीय अदालत की मार्फत ईवीएम मशीनें चेक होंगी और भाजपा की बेइमानी का पर्दाफाश होगा। इतना ही नहीं दलाल ने पुलिस कप्तान पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां के एसपी ने बीजेपी का एजेंट बनकर बीजेपी की मदद करने का काम किया और पूरी पुलिस ने अपने हाथों से भाजपा की शराब और पैसे बांटे हैं। जिस सब की वीडियो क्लिप उनके पास मौजूद है।

हरियाणा विधानसभा स्पीकर बन सकते हैं हरविंद्र कल्याण, जीत की लगा चुके हैं हैट्रिक

चंडीगढ़। नायब सिंह सैनी पार्ट-टू में जहां पंजाबी समुदाय से संबंधित एक मात्र अनिल विज को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है। वहीं हरियाणा में रोड बिरादरी और कश्यप बिरादरी को मंत्रिमंडल तथा सत्ता पक्ष में अभी तक कोई भागीदारी नहीं मिली है। रोड बिरादरी का प्रभाव हरियाणा के कईं जिलों में काफी ज्यादा है। करनाल, नीलोखेड़ी, असंध, इसराना जैसी विधानसभा सीटों पर रोड बिरादरी का काफी वोट बैंक है। घरोंडा से रोड बिरादरी से संबंधित हरविंद्र कल्याण भाजपा की टिकट पर लगातार तीसरी बार विधायक बने हैं।

रोड बिरादरी के नेता अतीत में ज्यादातर सरकारों में विधायक और मंत्री बनते रहे हैं, जिनमें ईश्वर सिंह रोड, चंदा सिंह, सुलतान जड़ोला, श्रीराम, चौधरी मुलतान सिंह जैसे बड़े नाम शामिल है। चौधरी मुलतान सिंह संयुक्त पंजाब में राज्य मंत्री और हरियाणा गठन के बाद डिप्टी स्पीकर भी रहे हैं। ईश्वर सिंह रोड भी हरियाणा विधानसभा में स्पीकर रहे हैं। वर्तमान में हरविंद्र कल्याण जो तीसरी बार विधायक बने हैं, उनकी गिनती केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निकटवर्तियों में होती है।

भाजपा पार्ट-2 में भी दो विधायक रोड बिरादरी से जितकर आए थे, जिनमें से एक घरोंडा के हरविंद्र कल्याण और दूसरे निर्दलीय विधायक पुंडरी से रणधीर गोलन, जिन्होंने बीजेपी को समर्थन दे रखा था, उन्हें मंत्रिमंडल में कोई स्थान नहीं मिला था। भले ही हरियाणा में मंत्रिमंडल बनाने के लिए किसी भी सरकार में सीमाएं तय है। संख्या सीमित होने के कारण सबकों इसमें शामिल नहीं किया जा सकता। हरियाणा में स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, चीफ व्हीप यह तीन महत्वपूर्ण पद सत्ता पक्ष की ओर से भरे जाने हैं। ऐसी चर्चा है कि घरोंडा से तीन बार भाजपा के विधायक बनकर हैट्रिक लगाने वाले हरविंद्र कल्याण को स्पीकर बनाया जा सकता है। हरविंद्र कल्याण सुशिक्षित, बुद्धिजीवी तथा विधेयक कार्यों में महारत रखते हैं। विधानसभा में वह कईं कमेटियों में सदस्य तथा प्रमुख कमेटी में अध्यक्ष पद पर भी रह चुके हैं। विधानसभा में विधेयक कार्यों को करने वाली कमेटियों की कार्यप्रणाली की उन्हें बेहतरीन जानकारी है। मधुरभाषी, सहज व सरल स्वभाव के होने के साथ-साथ वह आरएसएस तथा बीजेपी के आला नेताओं की पसंद भी हैं।

डिप्टी स्पीकर का पद पंजाब समुदाय से विधायक बने कृष्ण मिड्ढा या घनश्याम अरोड़ा को दिया जा सकता है और कश्यप बिरादरी से इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप को चीफ व्हीप बनाया



जा सकता है। हरविंद्र कल्याण करनाल के लोकसभा चुनाव में जहां से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने चुनाव लड़ा था, वहां चुनाव के संयोजक थे। उन्हीं दिनों करनाल के उपचुनाव में नायब सिंह सैनी विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी संगठनात्मक क्षमता और विरोधियों को भाजपा की ओर लाकर अपनी कार्यप्रणाली कल्याण पहले ही साबित कर चुके हैं।

राज्यसभा के लिए हरियाणा में बीजेपी के कई दावेदार, कृष्णलाल पंवार के इस्तीफे से खाली हुई एक सीट

चंडीगढ़। हाल ही में हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में इसराना से चुनाव जीतने के बाद कृष्णलाल पंवार ने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने पंवार का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। ऐसे में राज्यसभा में हरियाणा के हिस्से की एक सीट खाली हो गई है।

हालांकि खाली हुई इस एक सीट के लिए चुनाव कब होंगे, इसकी अभी अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन चर्चा है कि हरियाणा में विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद कभी भी राज्यसभा की एक खाली हुई सीट के लिए चुनाव हो सकते हैं। राज्यसभा के सदस्य के रूप में कृष्णलाल पंवार का कार्यकाल एक अगस्त 2028 तक का था। उन्होंने 23 अगस्त 2022 को शपथ ग्रहण की थी। ऐसे में अब भारतीय जनता पार्टी की ओर से करीब चार साल के लिए अपने प्रत्याशी को राज्यसभा में भेजा जाएगा।

इस्तीफा देकर मांगा था आशीर्वाद

कृष्ण लाल पंवार ने हाल ही में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा था, जिसके बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि इसराना के विधायक के रूप में जनसेवा के अपने नए कर्तव्य की ओर कदम बढ़ाए। नई पारी की शुरुआत के लिए सभी अपना आशीर्वाद प्रदान करें। उन्होंने आगे लिखा था कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसराना को एक बेहतर और विकसित क्षेत्र बनाने के लिए कृत संकल्पित हूं। बता दें कि पंवार हरियाणा बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

बीजेपी ने सहेजी बंसीलाल की राजनीतिक विरासत

बता दें कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के सांसद दीपेंद्र हुड्डा की ओर से राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने किरण चौधरी को राज्यसभा में भेजा था। किरण चौधरी का राज्यसभा के सदस्य के रूप में 9 अप्रैल 2026 तक का कार्यकाल है। किरण चौधरी ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद अपनी बेटी और समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके एवज में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की राजनीतिक विरासत को सहेजते हुए किरण चौधरी को राज्यसभा में भेजने का काम किया। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने तोशाम से किरण चौधरी की बेटी श्रुति को अपना उम्मीदवार बनाया। तोशाम से विधानसभा चुनाव जीतने के बाद बीजेपी ने उन्हें प्रदेश की नायब कैबिनेट में भी स्थान दिया।

हरियाणा की राज्यसभा सीटों का गणित

हरियाणा की अन्य राज्यसभा सीटों की बात करें तो इनमें बीजेपी के रामचंद्र जांगड़ा 10 अप्रैल 2020 को राज्यसभा के सदस्य चुने गए थे, जिनका कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 तक का है। इसी प्रकार से बीजेपी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला जो 3 अप्रैल 2024 को राज्यसभा के सदस्य मनोनित हुए थे, का कार्यकाल 2 अप्रैल 2030 तक है। इसी प्रकार से बीजेपी में शामिल होने के बाद राज्यसभा पहुंची किरण चौधरी का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 तक का है। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर राज्यसभा का चुनाव लड़े कार्तिकेय शर्मा ने 2 अगस्त 2022 को राज्यसभा के सदस्य के तौर पर शपथ ली थी, इनका कार्यकाल 1 अगस्त 2028 तक का है। हालांकि कार्तिकेय को बीजेपी की ओर से समर्थन दिया गया था। इसी प्रकार से बीजेपी की ओर से राज्यसभा में गए कृष्णलाल पंवार ने 23 अगस्त 2022 को शपथ ग्रहण की थी, जिनका कार्यकाल एक अगस्त 2028 तक था, लेकिन अब उनके इस्तीफे के बाद राज्यसभा में हरियाणा

के हिस्से की एक सीट खाली हो गई है।

बीजेपी के पास स्पष्ट बहुमत

हरियाणा विधानसभा के ताजा आंकड़ों को देखे तो इस बार भारतीय जनता पार्टी के पास खुद के 48 विधायक है। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायकों का भी बीजेपी को समर्थन हैं, जबकि कांग्रेस के 37 और इनेलो के 2 विधायक है। ऐसे में यह साफ है कि कोई भी अन्य दल राज्यसभा के चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी के खिलाफ अपना उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारेगा, जिससे बीजेपी उम्मीदवार का निर्विरोध राज्यसभा में जाना तय माना जा रहा है।

राज्यसभा के लिए बीजेपी के दावेदार

मौजूदा राजनीतिक हालात में कृष्णलाल पंवार के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा की एक सीट एक बार फिर से बीजेपी के पास जाती दिखाई दे रही है। ऐसे में इस एक सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी में कई दावेदारों के नामों की चर्चा हो रही है। इनमें भाजपा नेता प्रो. रामबिलास शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़, ज्ञानचंद गुप्ता, संजय भाटिया और कुलदीप बिश्नोई के नाम चर्चा में हैं। हो सकता है कि अंदरखाते अन्य नेता भी लॉबिंग में जुटे हों मगर यह सीट किसके पास जाएगी, फिलहाल यह भविष्य के गर्भ में है। बहुमत नहीं होने के कारण विपक्ष की ओर से इस सीट के लिए किसी को प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना बहुत कम है।

लखनऊ में डेंगू मरीजों की संख्या 1400 पार

19 दिन में मिले 1000 मरीज, एक्सपर्ट बोले: फ़्लूइड मैनेजमेंट में लापरवाही पड़ेगी भारी

लखनऊ । डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस सीजन में अब तक अकेले लखनऊ में कुल 1428 मरीजों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आ चुकी हैं। महज 19 दिन के अंदर 1000 केस रिपोर्ट हुए हैं। इस बीच शनिवार शाम आई रिपोर्ट में 24 घंटे में 59 नए मरीज सामने आए। वहीं, सीजन में अब तक मलेरिया के 456 रोगी मिल चुके है। इसके अलावा चिकनगुनिया और वायरल फीवर के मरीज भी बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं। शनिवार शाम को आई रिपोर्ट में सबसे ज्यादा मरीज सिल्वर जुबली में मिले हैं। यहां 9 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा अलीगंज और आलमबाग में 8 - 8 और इंदिरा नगर इलाके में 7 मरीज मिले हैं। इसके अलावा एनके रोड में 5, बीकेटी, रेड क्रॉस और ऐशबाग में 4 - 4 मरीज सामने आए हैं। टुड़ियागंज और चिनहट में 3 - 3 मरीज मिले। लखनऊ के राजनारायण लोकबंधु संयुक्त चिकित्सालय में डेंगू सहित कुल सभी तरह के बुखार के कुल 72 मरीज भर्ती हैं। इनमें अकेले डेंगू के 20 के करीब मरीज हैं। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित कहते हैं कि डेंगू बेहद तेजी से फैल रहा है। इस बार डेंगू स्प्रेड जरूर तेजी से हो रहा है। पर राहत की बात ये हैं कि गंभीर मरीजों की संख्या कम हैं। किसी भी सूरत में बुखार होने पर लापरवाही नही बरतनी है। दवा के साथ खान-पान पर भी ध्यान देने की जरूरत है। लखनऊ के सरकारी अस्पतालों के वॉर्ड में सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज भर्ती हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में डेंगू के कुल 44 मरीज भर्ती हैं। अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील भारतीय ने बताया कि डेंगू तेजी से फैल रहा है। यही कारण है कि पीडियाट्रिक वॉर्ड समेत पुरुष और महिला वॉर्ड में बड़ी तादाद में इसके मरीज भर्ती हैं। हालांकि राहत की बात ये है कि ज्यादातर मरीज अभी स्थिर हालत में हैं। डेंगू के अलावा करीब डेढ़ दर्जन मरीज, वायरल फीवर, मलेरिया और टायफॉइड के कारण भी अस्पताल में भर्ती हैं। लखनऊ के शहरी इलाकों में तेजी से अटैक के बाद अब ग्रामीण इलाकों में भी डेंगू फैल रहा हैं। 9 मरीज इन्ही क्षेत्रों से हैं। वहीं, एक माल में एक मलेरिया का मरीज भी सामने आया हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 1156 घरों और आस-पास का सर्वेक्षण किया। लार्वा पाए जाने पर 9 घरों को नोटिस जारी किया गया। केजीएमयू के डॉ.हिमांशु कहते हैं कि डेंगू होने पर इलाज बेहद सतर्कता के साथ करना जरूरी हैं। आमतौर पर फ्लूइड मैनेजमेंट को लेकर लोगों जानकारी की कमी रहती हैं। इस बार डेंगू के कुछ मरीजों में फ्लूइड की मात्रा ज्यादा होने की शिकायत भी मिल रही। इसके चलते मरीजों में पेट भूलने के अलावा लिवर और लंग्स पर भी असर पड़ रहा है। यही कारण हैं कि डेंगू ट्रीटमेंट में बिना एक्सपर्ट चिकित्सक के इलाज करना ठीक नही हैं। डॉ. हिमांशु कहते हैं कि डेंगू होने के शुरूआती 3 दिन तक हाई ग्रेड फीवर यानी तेज बुखार के लक्षण रहते हैं। इसके बाद बुखार कम होने पर प्लेटलेट की संख्या में तेजी से गिरावट देखी जा रही है। इस दौरान बेहद सतर्कता की जरूरत हैं। डॉक्टर की निगरानी में ब्लड की जांच कराना जरूरी है। यदि प्लेटलेट की संख्या 40 हजार से कम हो जाती है। इसके बाद हर 12 घंटे पर जांच कराई जा सकती है। हालांकि बेहद सहज तरीके से बिना पैनिक होकर इलाज कराने से मरीज को फायदा मिलेगा। युवा डेंगू पॉजिटिव होने के बाद भी सेल्फ मेडिकेशन यानी खुद से दवा ले रहे हैं। ऐसे में युवाओं की लापरवाही बेहद भारी साबित हो सकती है। अच्छा होगा कि डेंगू पॉजिटिव आने के बाद किसी एक्सपर्ट डॉक्टर से मिलकर इलाज कराएं। साथ ही तबीयत बिगड़ने पर बिना देर किए हॉस्पिटल में एडमिट हो जाएं। डॉ.सुरेश कौशल कहते हैं कि इस बार डेंगू सुपर स्प्रेडर बन चुका है। राहत की बात ये है कि ज्यादातर मरीज बेहद क्रिटिकल कंडीशन में जाने से पहले रिकवर हो जाते हैं।

दुर्गा पूजा सामिति द्वारा किया गया प्रसाद वितरित

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के बेलवा दुर्गा राय में दुर्गा पूजा सामिति द्वारा मां भगवती दुर्गा और देवी देवताओं के विसर्जन के पश्चात महाभंडारे का आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार की शाम को दुर्गा पूजा सामिति के अध्यक्ष रोहित गुप्ता व सामिति पदाधिकारियो की देखरेख में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के पूर्व मुख्य अतिथि व भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल व सामिति पदधिकारियों में मां दुर्गा का पूजन अर्चन किया। श्री जायसवाल ने कहा कि आस्था और श्रद्धा से महाशक्ति मां भगवती की आराधना से घर मे सुख - शांति का बास होता है और जीवन के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। इस पवित्र अवसर पर झांकी सजाई गई और कीर्तन का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रधानाचार्य/पत्रकार वीरेंद्र कुमार सिंह, कृष्णा वर्मा, लक्ष्मण सोनी, अंकुर मिश्रा, नीतीश यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

कुशीनगर में रक्ताधान पर सतत् चिकित्सा शिक्षा विषयक कार्यशाला सम्पन्न

संवाददाता

कुशीनगर। कुशीनगर ब्लड बैंक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के संयुक्त तत्वावधान में कुशीनगर इन रेस्टोरेंट में एक विशेष सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यशाला आयोजित हुई। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखनाथ ब्लड बैंक से डॉ. अवधेश अग्रवाल ने रक्ताधान के नवीनतम पहलुओं और मिथकों पर चर्चा की।

डॉ. दिव्या राय ने अपने वक्तव्य में बताया कि मरीजों को होल ब्लड की बजाय, आवश्यकता के अनुसार रक्त के विभिन्न अवयवों का ट्रांसफ्यूजन करना चाहिए, जिससे रोगियों को अधिक लाभ मिल सकता है। उन्होंने रक्ताधान के दौरान सावधानियों और आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने पर जोर दिया। डॉ. प्रियंका राय ने बताया कि रक्ताधान के लिए पूर्ण रूप से जांचा हुआ रक्त ही उपयोग में लाया जाना चाहिए।

उन्होंने ईएलाआईएसए विधि द्वारा फोर्थ जेनरेशन किट से जांचे गए रक्त का महत्व समझाया। इस तकनीक से रोगियों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराना संभव हो रहा है। डॉ. अभिषेक मालवीय ने कहा कि स्व रक्तदाता से प्राप्त रक्त काफी हद तक सुरक्षित रहता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. योगेश्वर मद्धेशिया ने कहा कि कोरोना काल की बड़ी चुनौती में कुशीनगर ब्लड बैंक ने सराहनीय काम किया। कुशीनगर के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में रोटरी क्लब कुशीनगर का भी विशेष योगदान रहा। आयोजक कुशीनगर ब्लड बैंक के संचालक राजीव तिवारी ने सबका स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संचालन रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली ने किया। कार्यशाला में डॉ. विकास राय, एआईआईएमएस गोरखपुर की काउंसलर शोभा राय, डा. अनिल श्रीवास्तव, रोटरी सचिव अजय सिंह, दुर्गेश चतुर्वेदी, विजय गुप्ता, संदीप रौनियार, अखिलेश शर्मा, विजय कृष्ण द्विवेदी, डॉ. पवन खरवार, डॉ. सुनील सिंह, रंजीत श्रीवास्तव, गोविंद सिंह, राजू जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव वापस ले सरकार: माकपा

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। भारतीय की मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की जिला सम्मेलन में गठित नौ सदस्यीय जिला कमेटी इकाई की गई और का. अयोध्यालाल श्रीवास्तव को पुनः जिलासचिव चुना गया तथा जिला सचिव श्रीवास्तव और का. इदरीश राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि चुने गए। रविवार को नगर के निरंकारी इंटरमीडिएट कालेज के " 'कामरेड राघवेंद्र सिंह' सभागार में सम्पन्न जिला सम्मेलन में का शुभारंभ शहीद वेदी पर पुष्पार्चन किया तथा कामरेड दुर्गा प्रसाद यादव ने लाल झंडे को फहराया। इसी क्रम में दिवंगत कामरेड सीताराम येचुरी, बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री कामरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य व देश प्रदेश और जनपदों के दिवंगत पार्टी कार्यकताओं को दो मिनट मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। सम्मेलन का उद्घाटन राज्य पर्यवेक्षक का. बीएल भारती ने करते हुए कहा कि आमजन को हक व अधिकार दिलाने के लिए पूरे देश में संघर्ष कर रही है। जिला सचिव श्री श्रीवास्तव ने तीन वर्ष का लेखा जोखा और अग्रीम कार्य योजनाओं की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। चर्चा में वक्ताओं ने एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव केंद्र सरकार से वापस लेने, खाने पीने वाली वस्तुएं सस्ती करने, सेना सहित विभागों में संविदा की जगह स्थायी नियुक्ति करने, प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने और जाति व धर्म के नाम पर हो रहे ध्रुवीकरण को रोकने की मांग की। अध्यक्षता कर रहे एड. का. विजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान का. गेंदा सिंह, का. बीपी गुप्ता, का. रामनरेश यादव, का. कलामुद्दीन, का. जवाहर शर्मा, का. राजेन्द्र सिंह, का. कैलाश गिरी, का. रामेश्वर सिंह, का. कैलाश गोंड़ सहित प्रतिनिधि उपस्थित थे।

गोरखनाथ मंदिर में स्थापित होगी पीतल से बनी मूर्ति

गोरखपुर । प्राचीन गोरखनाथ मंदिर में एक ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, जब वहां अलीगढ़ में बनी विशाल गुरु गोरखनाथ की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस मूर्ति का निर्माण अलीगढ़ के कुशल कारीगरों ने किया है और इसे खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फाइनल किया है। अलीगढ़, जो अपने ताले और आर्टवेयर के लिए देश-विदेश में मशहूर है, ने इस बार एक अद्वितीय मूर्ति तैयार की है, जो 7 फुट ऊंची और 500 किलो वजनी है। अलीगढ़ में ताले और मूर्तियों का कारोबार बड़े पैमाने पर होता है, जहां से लड्डू गोपाल और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां भारत के साथ-साथ विदेशों में भी भेजी जाती हैं। इसी श्रृंखला में, अब गोरखनाथ मंदिर के लिए विशेष रूप से पीतल से तैयार की गई गुरु गोरखनाथ की यह मूर्ति भी जुड़ गई है। फर्म के संचालक किशन कुमार वार्ष्णेय के अनुसार, इस मूर्ति को तैयार करने में लगभग चार महीने का समय लगा है। शुरूआत में इस मूर्ति का एक फाइबर सेम्पल तैयार किया गया था, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं देखकर स्वीकृति दी। इसके बाद पीतल से मूर्ति का निर्माण शुरू हुआ। इन दिनों मूर्ति को अंतिम रूप देने के लिए कारीगर दिन-रात काम में जुटे हुए हैं, ताकि इसे जल्द से जल्द गोरखनाथ मंदिर में स्थापित किया जा सके। अलीगढ़ का मूर्ति निर्माण उद्योग त्योहारों के समय खासा व्यस्त रहता है। यहां सिर्फ हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां ही नहीं, बल्कि क्रिसमस के लिए दुनियाभर में भेजे जाने वाले गिफ्ट्स भी बनाए जाते हैं। दीपावली के बाद फैक्ट्रियों में कुछ दिन का अवकाश होता है, और फिर कारीगर क्रिसमस के सामान तैयार करने में जुट जाते हैं। अलीगढ़ की यह परंपरा हर साल नए आयाम छूती जा रही है, और अब गुरु गोरखनाथ की मूर्ति इस गौरवशाली यात्रा का नया अध्याय बनेगी।

लखनऊ में 68 करोड़ रुपए की जमीन कब्जा मुक्त

लखनऊ। नगर निगम ने शनिवार देर शाम 68 करोड़ रुपए की जमीन को खाली कराया। पिछले 15 दिन में विभाग करीब 150 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त करा चुका है। नौबस्ताकलां में भूमाफियाओं के कब्जे से सरकारी जमीन मुक्त कराया गया। इस दौरान नगर निगम और चिनहट थाने की पुलिस के सहयोग से यह अभियान चलाया गया। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने यह इसका नेतृत्व किया। 19 हजार वर्ग मीटर भूमि को खाली कराया गया। मौजूदा समय बाजार में इसकी कीमत करीब 68 करोड़ रुपए है। इससे पहले जेहटा गांव में भी करीब 22 करोड़ रुपए की जमीन खाली कराई गई। खसरा संख्या-1337, 1346, 1363, 1366 पर कब्जा था। कागजों पर यह जमीन नजूल की थी। बावजूद इसके यहां निर्माण कराया गया था। स्थानीय पुलिस, नगर निगम के सहयोग से करीब 13,530 वर्गमीटर (1,45,637 वर्गफुट) जमीन को खाली कराया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि अभियान चलाए जाने के बाद से 1550 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन खाली कराई गई है। आगे नगर निगम का टारगेट 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन खाली कराने का है। अवैध कब्जे की जांच में पता चल रहा है कि बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने मौके की सरकारी जमीन को कब्जा कर लिया है। यहां तक की तालाब तक को कई जगह पाट दिया गया है। उस जगह पर प्लाटिंग की जा रही है।

नपा कुशीनगर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। नगर पालिका परिषद कुशीनगर के सभागार में नगर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक की गई। जिसमें विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय नगर प्रशासन ने लिया। रविवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने स्वच्छता अभियान को तेज करने पर जोर देते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों जैसे दीपावली, छठ पूजा आदि को ध्यान में रखते हुए सफाई और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ की गई है।वक्ताओं ने सफाई और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने कचरे का निस्तारण, पालीथीन मुक्त अभियान, कूड़ेदान का प्रयोग इत्यादि में जन सहभागिता की अपील की। व्यापार मण्डल कलअध्यक्ष उमेश मद्धेशिया, एडवोकेट त्रिलोकीनाथ श्रीवास्तव, वीरेंद्र लाल श्रीवास्तव, ओमकार पाण्डेय, अनिल कुमार त्रिपाठी, पुनीत श्रीवास्तव, उमेश चंद्र गुप्ता, संतोष दत्त राय, राधे विश्वकर्मा, सुमित त्रिपाठी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष एवं स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर वाहिद अली ने अपने विचार रखते हुए नगर को स्वच्छ अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की। संचालन दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने किया। इस अवसर पर दुर्गेश चतुर्वेदी, विजय मद्धेशिया, अजय सिंह, अनिल प्रताप राव, रवि शंकर सिंह, विजय मिश्रा, उमेश चंद्र गुप्ता, सभासद राजेश मद्धेशिया, राजेश जायसवाल, अमेरिकन सिंह, केश्वर सिंह, मुन्ना शर्मा, मनीष मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, साबिर अली, अग्रसेन, मिथिलेश शर्मा, केशव सिंह, राजेश श्रीवास्तव, श्रवण तिवारी, समरजीत आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त डायरी

दबंग बदमाश को पांच साल की सख्त सजा के साथ ही, पांच हजार रुपये का हुआ जुमार्ना

संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के सुमेरपुर थाने क्षेत्र के कस्बे में 30 नवम्बर 2013 में शातिर अभियुक्त ने पीड़ित के घर में घुसकर सोने, चांदी के जेवरात के साथ ही बारह हजार की नकदी पर हाथ साफ करने के साथ ही पीड़ित महिला को मारपीट कर घायल कर दिया था, जबकि इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर मु०अ०सं०-2112/2013 धाराझ459 आईपीसी के तहत अभियुक्त मुन्नीलाल पुत्र सीताराम निवासी चांदथोक थाना सुमेरपुर के खिलाफ के खिलाफ दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत इस मामले में अभियोजन की तरफ से एडीजीसी राजेश कुमार की प्रभावी पैरवी के बाद 19 अक्टूबर 2024 को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम कोर्ट हमीरपुर की अदालत के विद्वान जज ने अभियुक्त मुन्नीलाल को गुनाहगार मानते हुये धारा-457 आईपीसी के तहत पांच साल की सख्त सजा सुनाने के साथ ही पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। इस मामले की विवेचना एस आई पुरषोत्तम नारायण ने की।

हमीरपुर विद्युत विभाग ने कुरारा के महा कैंप में 324000 रुपये की वसूली की, 30 बकायेदारों के कनैक्शन को काटा गया

संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कुरारा कस्बे में विद्युत विभाग के एसी- जी.सी यादव के निर्देशन में महा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बकाया भुगतान जमा न करने पर विभाग की टीम ने 30 बकायेदारों के कनेक्शन को काट दिया, जबकि बिजली बकायेदारों से 324000 की वसूली की गई साथ ही बकायेदारों के मीटरों को भी चेक किया गया। जबकि बिजली विभाग के एसी और एक्सीएन ने बकायेदारों से अनुरोध किया, कि आने वाले त्योहारों के मद्देनजर बिजली यूजर्स वख्त से अपना बिल जमा करें ताकि बिजली विभाग को त्योहारों में यूजर्स का कनेक्शन काटने की जरूरत न पड़े। महाकैंप के दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता डी.एन.प्रसाद, एसडीओ हरिश्चंद्र, अवर अभियंता अभिषेक साहू,अवर अभियंता अनिल कुमार, सीए पवन कुमार सहित कर्मचारी मौजूद रहा`

यातायात निरीक्षक ने यातायात व्यवस्था को लेकर अपने मातहतों को दिए निर्देश

संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के नवागत यातायात निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने जिला मुख्यालय रविन्द्र नगर धुस, पड़रौना स्थित कार्यालय पर यातायात व्यवस्था में लगे कांस्टेबल, होमगार्ड और ट्रैफिक पुलिस के जवानों का परिचय जाना और यातायात व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को अपरान्ह 2 बजे करीब आयोजित परिचय बैठक में नवागत यातायात निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने यातायात व्यवस्था में लगे कांस्टेबल, होमगार्ड और ट्रैफिक पुलिस के जवानों का परिचय प्राप्त किया। श्री सिंह ने कहा कि आप सभी पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करते हैं जो सराहनीय है। हमें सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करना ही हमारा कर्तव्य है। जीवन बहुत ही कीमती है। सरकार ने यातायात को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रखें हैं। जिसका पालन कराना और लोगों को जागरूक करना हमारी ड्यूटी है।बाइक चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे व तेज रफ्तार में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग न करने, यातायात नियमों का पालन करने को लेकर लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान कांस्टेबल टीपी सोनू पाण्डेय, होमगार्ड बृजेश मिश्रा, होमगार्ड हरेंद्र दीक्षित, होमगार्ड श्रीकृष्ण पाण्डेय, चालक राहुल ठाकुर सहित यातायात पुलिस के जवान उपस्थित रहे।

गोरखपुर के फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर डिस्को-क्लब भी शुरू

गोरखपुर । फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और भी खास हो गया है। रामगढ़ताल की लहरों पर तैरते इस रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजनों के साथ ही और डिस्को-क्लब की भी सुविधा शुरू हो गई है। शनिवार की शाम इस रेस्टोरेंट पर 'ट्राईडेंट क्लब' की शुरूआत कर दी गई। इस क्लब में फाइन डाइनिंग, डिस्को और बार की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। बेहद खास बात यह है कि इस क्लब में जाने के लिए रेट भी काफी कम रखे गए हैं। जिससे कि हर कोई गोरखपुर में पहली बार शुरू हुए डांस क्लब का भी मजा ले सकेगा। वहीं, कपल एंट्री के लिए इसकी कीमत और कम कर दी गई है। कपल के लिए 2 हजार रुपए रखा गया है। हालांकि, इसमें सब कुछ अनलिमिटेड तो नहीं है। बावजूद इसके अगर कोई अलग से कुछ डिशेज या ड्रिंक आर्डर करता है तो इसके लिए उसे अलग से पे करना होगा। आलोक अग्रवाल ने बताया, रेस्टोरेंट के लिए भी हाल ही में कुछ बदलाव किए गए हैं। पहले रेस्टोरेंट में एंट्री के लिए प्रति व्यक्ति को 300 रुपए का कूपन लेना होता था। जिसमें उसे 270 रुपए के आइट्म्स परोसे जाते थे। ऐसे में जिनका बजट 300 रुपए भी नहीं होता था, वे लोग रेस्टोरेंट में आने के लिए सोचते थे। ऐसे लोगों को ध्यान में रखते हुए अब रेस्टोरेंट में एंट्री की फीस महज 30 रुपए कर दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

पानी में डूबी प्रवासियों से भरी नाव, बाल-बाल बचे 65 यात्री

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस के तट पर प्रवासियों से खचाखच भरी एक नाव डूब गई, जिससे एक बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे में अब तक 65 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है और एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि नाव पर यात्रियों की संख्या अधिक थी, जिसके कारण अधिक वजन होने से यह हादसा हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल था। यात्री चीख-पुकार करते हुए अपनी जान बचाने के लिए पानी में इधर-उधर भागे। नाव पर मौजूद लोगों ने एक-दूसरे की मदद की, जब स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों को इस घटना की सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत बचाव दल को मौके पर भेजा। बचाव दल ने 65 यात्रियों को सुरक्षित दूसरी नाव पर शिफ्ट कर दिया, जिससे उनकी जान बच गई। स्थानीय नौसेना के अनुसार, इस हादसे में एक बच्चा बेहोश मिला। डॉक्टरों ने उसकी जांच की और उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का मानना है कि बच्चे की मौत दम घुटने और सदमे के कारण हुई है। उसके परिजनों से पूछताछ की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। फ्रांसीसी समुद्री अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार रात फ्रांस के तट के पास चैनल में ब्रिटेन जा रही प्रवासियों से भरी एक नाव डूब गई। इस घटना का कारण नाव का अधिक वजन बताया जा रहा है। इस वर्ष फ्रांस में समुद्र में डूबने से करीब 52 प्रवासियों की मौत हो चुकी है। इससे पहले 3 सितंबर को 12 बच्चों की भी इसी तरह से डूबने से मौत हुई थी। कई प्रवासी गैर-कानूनी तरीके से फ्रांस में घुसने का प्रयास करते हैं। स्थानीय जांच एजेंसियां समुद्र में गश्त लगा रही हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

खाई में गिरी जापानी पर्यटकों से भरी बस, 22 लोग घायल

अंकारा, एजेंसी। तुर्किये में एक दुखद घटना में जापानी पर्यटकों को ले जा रही एक बस बृहस्पतिवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार 22 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना अंकारा से लगभग 250 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में अफ्योनकाराहिसर प्रांत के एक राजमार्ग पर हुई। दुर्घटना का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घायलों को अफ्योनकाराहिसर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी चिकित्सा की जा रही है। इनमें से एक यात्री की हालत गंभीर बताई गई है। अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी की चीन को सलाह- रूसी सेना को स्पोर्ट करे बंद, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध से रहे दूर

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने चीन द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को दिए जा रहे समर्थन पर शुक्रवार को चिंता जताई और अपने चीनी समकक्ष से आग्रह किया कि वह अपने देश की कंपनियों को रूसी सेना को उपकरणों की आपूर्ति करने से रोकें। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ शुक्रवार को बैठक की थी। डेविड लैमी ब्रिटेन में जुलाई में 'लेबर पार्टी के सत्ता में आने के बाद चीन की यात्रा करने वाले पहले कैबिनेट मंत्री हैं। उन्होंने चीन के उप प्रधानमंत्री डिंग श्वेशियांग से शुक्रवार को मुलाकात की तथा उसी दिन बाद में विदेश मंत्री वांग यी से भी बातचीत की। ब्रिटेन के विदेश मंत्री बीजिंग के साथ संबंधों को सुधारने के प्रयासों के तहत चीन की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। दरअसल, जासूसी के आरोपों, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का समर्थन करने और हांगकांग में आम नागरिकों की स्वतंत्रता का दमन के मुद्दे पर दोनों देशों के संबंधों में खटास पैदा हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि ब्रिटेन की सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि चीन के साथ संबंध ''व्यावहारिक और आवश्यक हैं।

इराकी मिलिशिया समर्थकों का सऊदी चैनल एमबीसी के कार्यालय पर हमला, जमकर की तोड़फोड़ और आगजनी

रियाद, एजेंसी। ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया समूह के समर्थकों ने सऊदी अरब के एमबीसी चैनल के कार्यालय पर हमला किया। यह हमला तब हुआ जब चैनल के एक कार्यक्रम में एक मिलिशिया कमांडर को आतंकवादी कहकर संबोधित किया गया। इस टिप्पणी से नाराज होकर इराक में इस मिलिशिया के सैकड़ों समर्थकों ने एमबीसी के दफ्तर पर धावा बोल दिया। शनिवार की सुबह लगभग 400 से 500 लोगों का एक बड़ा समूह बगदाद में स्थित एमबीसी के दफ्तर में घुस आया। उन्होंने दफ्तर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कंप्यूटर तोड़ दिए और कार्यालय के एक हिस्से में आग भी लगा दी। एक अनाम सुरक्षा अधिकारी ने एजेंस फ्रांस-प्रेस को बताया कि कार्यालय में लगी आग को तुरंत बुझा दिया गया। यह हमला इसलिए हुआ क्योंकि एमबीसी चैनल ने एक कार्यक्रम के दौरान इराकी मिलिशिया के कमांडर को आतंकवादी कहा था। इस कमांडर का संबंध ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया से था, जो कि इराक में एक प्रभावशाली समूह है। इस बयान को मिलिशिया समर्थकों ने अपमानजनक माना और इसके विरोध में दफ्तर पर हमला कर दिया। यह हमला इराक और सऊदी अरब के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और बढ़ा सकता है। सऊदी एमबीसी नेटवर्क पर पहले भी कई बार आरोप लगे हैं कि वे ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ कार्यक्रम प्रसारित करते हैं, जिससे इस तरह के गुस्से का माहौल पैदा होता है।

कौन था इजराइल पर सात अक्टूबर, 2023 को हुए हमले के मास्टरमाइंड याह्या सिनवार, हमास का अगला नेता कौन ?

येरूशलम, एजेंसी। इजराइल पर सात अक्टूबर, 2023 को हुए हमले के मास्टरमाइंड याह्या सिनवार को मार गिराया गया है. इजराइल ने इसकी पुष्टि भी कर दी है. याह्या सिनवार हमास का सबसे खूंखार नेता माना जाता था. उसे खान यूनिस का कसाई भी कहा जाता था. सात अक्टूबर के हमले में 1200 लोग मारे गए थे, जबकि 251 लोगों का अपहरण कर लिया गया था. इस हमले के बाद इजराइल के सैनिकों ने याह्या सिनवार को जिम्मेदार ठहराया था. उनका कहना था कि इसने ही साजिश रचकर इजराइलियों की हत्या की, इसलिए उसकी मौत तय है, उसे खत्म किया जाएगा. इजराइल मानता है कि याह्या सिनवार के साथ-साथ इस हमले में मुहम्मद दैफ भी शामिल था. दैफ हमास की सैन्य शाखा में शामिल था. इजराइल का दावा है कि दैफ भी मारा गया. हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं की गई है.

कौन था याह्या सिनवार : याह्या सिनवार को हमास में दूसरे नंबर का नेता माना जाता था. पहले नंबर पर इस्माइल हनिया था. हनिया पहले ही मारा जा चुका है. इजराइली सैनिकों ने जुलाई में उसे मार गिराया था. इजराइल ने जो जानकारी दी है, उसके अनुसार सात अक्टूबर की घटना के बाद सिनवार लगातार अंडर ग्राउंड रह रहा था. इजराइल के अनुसार वह किसी से भी बात नहीं करता था, क्योंकि उसे उसके लोकेशन को लेकर पकड़े जाने का भय था.

कैंप में हुआ था याह्या सिनवार का जन्म : याह्या सिनवार को पहले अबु

इब्राहिम के नाम से जाना जाता था. वह दक्षिणी गाजा पट्टी का रहने वाला था. उसका जन्म गाजा के खान यूनिस के एक शरणार्थी शिविर में हुआ था. 1948 में याह्या के माता-पिता शरणार्थी बन गए थे. उसे पुश्तैनी इलाके से निकाल दिया गया था. 1948 में इजराइल ने फिलस्तीनी इलाके पर हमला किया था. इस हमले की वजह से हजारों फिलिस्तीनी शरणार्थी बन गए थे और उन्हीं में याह्या का परिवार भी शामिल था.

इस्लामिक कॉलेज से ली डिग्री : सिनवार ने खान यूनिस में ही स्कूल की पढ़ाई की. गाजा के एक इस्लामिक कॉलेज से स्नातक किया. बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक खान यूनिस में ही याह्या का संपर्क मुस्लिम ब्रदरहुड से हुआ. दरअसल, जिस कैंप में याह्या रहता था, उसी कैंप में मुस्लिम ब्रदरहुड के समर्थक भी रहा करते थे. ऐसा कहा जाता है कि याह्या का व्यवहार तभी से हिंसक हो गया था. हमास के संस्थापक का बन गया चहेता रिपोर्ट के अनुसार 1982 में उसकी पहली बार गिरफ्तारी की गई थी. उस पर इस्लामी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगा था और इजराइली सैनिकों ने गिरफ्तारी की थी. जेल से छूटने के बाद वह हमास के संस्थापक शेख अहमद यासीन का चहेता बन गया. हमास की स्थापना 1987 में की गई थी.

याह्या ने हमास के लिए सैन्य दल का किया गठन : याह्या सिनवार ने 1989 में हमास के लिए एक सैन्य दल का गठन किया. इसका नाम अल मज्द रखा गया था. शुरू में इसका काम अपराध करने वालों को सजा देना होता था. बाद में वह हमास का लड़ाकू विंग बन गया.

क्रूरता की वजह से उसे खान यूनिस का कसाई कहा जाता था : बीबीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि याह्या बहुत ही खूंखार था. उसकी छवि कट्टर थी. उसे यदि किसी पर शक होता था कि वह इजारइल से मिला हुआ है, तो वह उसकी हत्या कर देता था. उसके आसपास का कोई भी आदमी उससे पंगा लेना नहीं चाहता था. यहां तक कि शक होने पर वह अपने आदमियों को भी मार देता था. इसी कारण से सिनवार को खान यूनिस का कसाई भी कहा जाता था.

23 साल तक लगातार जेल में बंद रहा याह्या सिनवार : 1988 में इजराइल ने याह्या को फिर गिरफ्तार किया. 1988 से लेकर 2011 तक वह जेल में बंद रहा. इस दौरान भी उसकी अकड़ बनी रही. मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि जेल में वह एक तरह से नेता बन गया था और पुलिस के साथ कैदियों की ओर से वह खुद बात करता था. याह्या अरबी के साथ-साथ हिब्रू भी बोलता था.

इजराइली सैनिक के बदले याह्या को जले से किया गया रिहा : इजराइल ने 2011 में अपने सैनिक गिलाड शलिट के बदले याह्या सिनवार समेत 1027 फिलिस्तीनियों को छोड़ा था. शलिट खुद पांच साल तक हमास के हाथों बंधक रहा था. ऐसा कहा जाता है कि उसकी गिरफ्तारी में याह्या के करीबी का हाथ था. गाजा के चुनाव में हमास को जीत हासिल हुई. हमास ने यासिर अराफात की पार्टी अल-फतह का लगभग सफाया कर दिया. उनके नेताओं को भी मार दिया. याह्या ने अन्य कई संगठनों से समझौता करके अपना गुट बड़ा कर लिया था. 2013 में याह्या को गाजा पट्टी में पॉलिटिकल ब्यूरो का सदस्य नियुक्त किया गया था. 2017 में वह इस ब्यूरो का प्रमुख बन गया. 2015 मे अमेरिका ने याह्या को विशेष नामांकित वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था. इजराइली सेना के प्रवक्ता कर्नल रिचर्ड हेख्त ने याह्या को शैतान का चेहरा कहा था. अब हमास का अगला नेता कौन होगा, इस पर संगठन में विचार विमर्श जारी है. कुछ नामों पर विचार किया जा रहा है. इनमें से महमूद अल जहर, मौसा अबु मार्जुक, मोहम्मद सिनवार और खलीफ अल हया के नाम सामने आ रहे हैं।

पाकिस्तान में कॉलेज में रेप के खिलाफ सड़कों पर छात्र, स्कूल कॉलेज बंद

रावलपिंडी, एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच सभी स्कूल-कॉलेज को बंद करने का आदेश दिया गया है। पंजाब कॉलेज फॉर वीमेन के कैंपस में एक छात्रा से रेप के आरोपों के बाद पाकिस्तान में छात्र आंदोलन भड़का है। पंजाब पाकिस्तान का सबसे ज्यादा आबादी वाला क्षेत्र है।

अब पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को लोगों के इकट्ठा होने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। स्कूल कॉलेज बंद होने से पंजाब प्रांत में लगभग 2.6 करोड़ बच्चों और कॉलेज छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ेगा। रावलपिंडी पुलिस का कहना है कि गुरुवार को शहर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान तोड़फोड़ और आगजनी के आरोप में 380 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सोशल मीडिया पर उपलब्ध फोटो/वीडियो से आगजनी करने वाले छात्रों की पहचान करेगी। छात्रों का प्रदर्शन अब लाहौर के अलग-अलग कॉलेजों से लेकर रावलपिंडी जैसे शहरों तक फैल गए हैं। रावलपिंडी में हो रहे प्रदर्शन पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज भी किया। सोशल मीडिया पोस्ट वायरल होने पर भड़के छात्र पुलिस ने गार्ड को गिरफ्तार पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल होने के बाद छात्रों का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। वायरल पोस्ट में खबर थी कि पंजाब कॉलेज फॉर वीमेन के कैंपस में एक छात्रा के साथ रेप हुआ है। पुलिस ने इस सोशल मीडिया पोस्ट में दिखे एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार भी किया था। लेकिन अब तक कोई पीड़िता सामने नहीं आई है और पुलिस आरोपों की पुष्टि नहीं कर सकी है। मामले पर पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज के लाहौर निदेशक आरिफ चौधरी का कहना है कि यदि ये घटना सच साबित होती है, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा और छात्रों के साथ खड़ा हो जाऊंगा। वहीं पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने कहा है कि जो लोग सोशल मीडिया पर झूठी खबर फैला रहे हैं।

विदेशी महिला इंफ्लूएंसर को पाकिस्तान में नहीं दिखी लड़कियां !

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान का वायरल वीडियो- पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंची एक विदेशी महिला इंफ्लूएंसर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह एयरपोर्ट और शहर की सड़कों का दृश्य दिखाते हुए हैरानी जताती हैं कि वहां कोई महिला नजर नहीं आ रही है। इस सवाल ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है, और इस पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।यह वीडियो इस्लामाबाद एयरपोर्ट से शुरू होता है, जहां इंफ्लूएंसर और उनकी एक दोस्त फोन के कैमरे से एयरपोर्ट की भीड़ को दिखाती हैं। एयरपोर्ट की इस भीड़ में न कोई महिला नजर आती है और न ही कोई महिला कर्मचारी दिखाई देती है। इसके बाद इंफ्लूएंसर गाड़ी में बैठकर शहर की सड़कों पर घूमने निकलती हैं। जब वह इस्लामाबाद की सड़कों पर आती हैं, तो वहां भी उन्हें एक भी महिला नहीं दिखती। दुकानों, सार्वजनिक स्थानों, और सड़कों पर पुरुषों का जमावड़ा नजर आता है, लेकिन महिलाओं की कोई उपस्थिति नहीं होती। इंफ्लूएंसर इस दौरान अपने वीडियो में बार-बार कहती हैं, यहां की सारी लड़कियां कहां हैं? यह सवाल वीडियो का मुख्य आकर्षण बन गया है। इस वीडियो को अब तक 1 करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है और 1 लाख 71 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। इस पोस्ट पर 21 हजार से ज्यादा कमेंट्स भी आ चुके हैं, जिनमें से अधिकांश ने महिलाओं की सार्वजनिक अनुपस्थिति पर हैरानी जताई है।

शहबाज शरीफ ने बाइडन को पत्र लिखा, जेल में कैद में पाकिस्तानी महिला को रिहा करने का आग्रह किया

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखकर उस पाकिस्तानी महिला को रिहा करने का आग्रह किया है, जो आतंकवाद के जुर्म में अमेरिका में 86 साल की जेल की सजा काट रही है। सरकारी वकील ने इस्लामाबाद की एक अदालत को शुक्रवार को यह जानकारी दी। शरीफ के पत्र की एक प्रति अदालत में सौंपी गई, जो अमेरिका में प्रशिक्षित तंत्रिका तंत्र विज्ञानी आफिया सिद्दिकी की बहन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आफिया को 2010 में अमेरिकी नागरिकों की हत्या का प्रयास करने सहित अन्य आरोपों में दोषी करार दिया गया था। आफिया आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर तब शक के दायरे में आ गई थी, जब उसने अमेरिका छोड़ दिया और 11 सितंबर 2011 को अमेरिका में हुए आतंकवादी हमलों के स्वघोषित साजिशकर्ता खालिद शेख मोहम्मद से निकाह कर लिया। 2008 में वह अफगानिस्तान में अमेरिकी प्राधिकारियों के साथ झड़प में घायल हो गई थी। चश्मदीदों के मुताबिक, उसने अमेरिकी प्राधिकारियों पर गोली चलाई थी।

शरीफ के 13 अक्टूबर को

भेजे पत्र की एक प्रति के मुताबिक, पाक प्रधानमंत्री ने बाइडन को बताया कि आफिया जेल में 16 साल की अवधि काट चुकी है। उन्होंने लिखा कि मामले को दया की नजर से देखा जाना चाहिए। शरीफ ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई पाकिस्तानी अधिकारियों ने उससे राजनयिक मुलाकात की और उसे मिलने वाले उपचार को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की, जिससे उसके पहले से ही कमजोर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। पाक प्रधानमंत्री ने अधिकारियों के आकलन के हवाले से लिखा कि दरअसल, उन्हें डर है कि वह अपनी जान ले सकती है। उन्होंने बाइडन से आफिया की बहन की क्षमादान याचिका स्वीकार करने और मानवीय आधार पर उसकी रिहाई का आदेश देने का आग्रह किया।

जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय पर बम हमला, संदिग्ध गिरफ्तार- मीडिया रिपोर्ट

टोक्यो, एजेंसी। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 2022 में उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह संसदीय चुनाव के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के एक उम्मीदवार के प्रचार में भाषण दे रहे थे। जापान की सत्तारूढ़ पार्टी के मुख्यालय में शनिवार को एक व्यक्ति ने कई बम फेंके जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सार्वजनिक प्रसारणकर्ता 'एनएचके' और अन्य जापानी मीडिया ने यह जानकारी दी।

इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। टोक्यो पुलिस ने इस घटना के संबंध में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि मामले की जांच अभी जारी है। समाचार रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसमें बताया गया कि आरोपी ने अपनी कार को पास की बाड़ में घुसा दिया था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हमले के पीछे उसका मकसद क्या था।

सत्तारूढ़ 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' संदिग्ध वित्तपोषण और कर चोरी से जुड़े घोटाले के कारण आमजन के बीच तेजी से

लोकप्रियता खोती जा रही है। हमले के संबंध में पार्टी ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। देश की संसद के निचले सदन के लिए मतदान 27 अक्टूबर को होगा। कुछ दागी नेताओं से सत्तारूढ़ पार्टी ने आधिकारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है लेकिन वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

'लिबरल डेमोक्रेट्स' लंबे समय से जापान में सत्ता में रही है। द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही से जापान को आर्थिक महाशक्ति बनाने में उसकी बड़ी भूमिका है। जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की 2022 में उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह संसदीय चुनाव के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के एक उम्मीदवार के प्रचार में भाषण दे रहे थे। हत्यारे ने हस्तनिर्मित बंदूक का इस्तेमाल किया था और कहा था कि वह आबे से इसलिए नाराज था क्योंकि उसकी मां ने परिवार का सारा पैसा 'यूनिफिकेशन चर्च' को दे दिया था और वह आबे को उस चर्च से जुड़ा मानता था।

यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए उत्तर कोरिया ने भेज दी सेना, इस देश में मची खलबली

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में अब उत्तर कोरिया भी कूद पड़ा है। दक्षिण कोरिया की मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उत्तर कोरियाई सैनिक रूस की तरफ से युद्ध कर रहे हैं। कम से कम 1500 सैनिक रूस पहुंच चुके हैं। वहीं उत्तर कोरिया अपने 12 हजार सैनिकों को रूस भेजेगा। इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी ऐसा ही दावा किया था। उन्होंने कहा था कि 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के लिए युद्ध लड़ सकते हैं।

दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेतावनी देते हुए कहा है कि उत्तर कोरिया का यह कदम बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। नेशनल इंटेलिजेंस सर्विसेज की बैठक के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि इस मामले को लेकर यूक्रेन के संपर्क में हैं और एआई का इस्तेमाल करके उत्तर कोरियाई अधिकारियों को पहचानने का प्रयास किया जा रहा है। वे यूक्रेन के दोनेत्स्क में ममौजूद हैं और रूस की तरफ से उत्तर कोरियाई मिसाइल फायर करने में मदद कर रहे हैं।

वहीं एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें उत्तर कोरियाई सैनिक रूस के मिलिट्री बेस पर पहुंचते हुए दिखाई दे रहे हैं। एजेंसी ने पुष्टि की है कि उत्तर कोरिया ने हथियार भेजने के बाद अब सैनिक भी भेजने शुरू कर दिए हैं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने बलिस्टिक

मिसाइल, एंटी टैंक रॉकेट और 13 हजार से ज्यादा कंटेनर रूस के सप्लाई किए थे।

दक्षिण कोरिया का मानना है कि 80 लाख आर्टिलरी और रॉकेट राउंट रूस भेजे गए हैं। रूस और उत्तर कोरिया इस समय काफी नजदीक आ गए हं। दक्षिण कोरिआई एजेंसी ने अमेरिका से भी संपर्क किया है और इस मामले में आवश्यक कदम उठाने की बात कही है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि अगर यह बात सच है तो यह खतरे की घंटी है। इससे संघर्ष और बढ़ सकता है। वहीं अमेरिका और नाटो को तत्काल प्रतिक्रिया देने की जरूरत है।

बांग्लादेश के कानून मंत्री बोले- शेख हसीना का प्रत्यर्पण जरूरी, भारत ने मना किया तो विरोध करेंगे

ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में कानून मंत्री आसिफ नजरुल ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारत पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण से इनकार करने की कोशिश करता है तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, इसके बाद नजरुल ने यह टिप्पणी की। बांग्लादेशी अदालत ने गुरुवार को आदेश दिया था कि वे हसीना को 18 नवंबर तक उसके समक्ष पेश करें।

मंत्री नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच पहले से ही एक प्रत्यर्पण संधि है। भारत नियमों का हवाला देकर शेख हसीना को यहां भेजने से इनकार कर सकता है, लेकिन ईमानदारी से कहें तो भारत हसीना को बांग्लादेश भेजने के लिए बाध्य है। विदेश मंत्रालय बोला- सुरक्षा वजहों से भारत में शेख हसीना शेख हसीना पर छात्र आंदोलन के दौरान हिंसा और मानवाधिकार के उल्लंघन के आरोप हैं। उन पर 200 से ज्यादा मामले चल रहे हैं। शेख हसीना 5 अगस्त को बड़े पैमाने पर हिंसा होने के बाद अपनी छोटी बहन के साथ भारत आ गई थीं। इसके बाद बांग्लादेश ने उनका राजनयिक पासपोर्ट रद्द कर दिया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा था कि शेख हसीना सुरक्षा वजहों से भारत आई थीं और वह अभी

यहीं पर हैं। माना जाता है कि शेख हसीना को किसी अज्ञान जगह पर रखा गया है। तब से उन्हें सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। नजरुल ने पिछले महीने कहा था कि बांग्लादेश औपचारिक रूप से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करेगा, जब मुकदमा प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, शेख हसीना के विरोधी नेता रूहुल कबीर रिजवी ने कहा कि हसीना को शरण देना एक हत्यारे और अपराधी को शरण देने जैसा है। हमें उसे उचित कूटनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से वापस लाना होगा। बांग्लादेश के विदेश मंत्री मोहम्मद तौहीद हुसैन ने सितंबर में कहा था कि शेख हसीना को सौंपना है या नहीं यह भारत तय करेगा।

भारत-बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि को और आसान बनाया गया भारत-बांग्लादेश के बीच हुए प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक दोनों देशों को गिरफ्तारी वारंट के अलावा अपराध के सबूत भी साझा करने होते थे। हालांकि, साल 2016 में इस नियम को खत्म कर दिया गया था ताकि अपराधियों का प्रत्यर्पण जल्दी हो सके। संधि के मुताबिक अगर किसी व्यक्ति ने राजनीति से जुड़ा कोई अपराध किया है तो उसके प्रत्यर्पण से इनकार किया जा सकता है, लेकिन किस अपराध को राजनीतिक नहीं कहा जाएगा, इसकी लिस्ट काफी लंबी है। इनमें हत्या, गुमशुदगी, बम विस्फोट और आतंकवाद जैसे अपराध शामिल हैं। ऐसे संगीन मामले में प्रत्यर्पित करने से इनकार नहीं किया जा सकता।

वायु प्रदूषण बढ़ने पर सांस रोगियों की मुसीबत बढ़ी, गाजियाबाद में दो की मौत

संस्कार उजाला

गाजियाबाद। शहर की हवा खराब होने के साथ ही सांस के रोगियों की मुसीबत बढ़ने लगी है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों की ओपीडी में सांस और दमा के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिला एमएमजी अस्पताल द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार कैलाशनगर के रहने वाले 65 वर्षीय देशराज की उपचार के दौरान मौत हो गई। सीएमएस के अनुसार देशराज सीओपीडी का मरीज था। इसके अलावा कैलाश नगर के रहने वाले 36 वर्षीय राजू को इमरजेंसी में मृत घोषित किया गया है। राजू भी टीबी और सांस का मरीज था। इसके अलावा रेलवे स्टेशन साहिबाबाद से 24 वर्षीय अमित को मृतावस्था में लाया गया।

कोर्ट के वारंटी को घसीटकर ले गई गाजियाबाद पुलिस

गाजियाबाद। पुलिस ने कोर्ट से वांछित चल रहे एक अपराधी को शनिवार रात खोड़ा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के वक्त घर की महिलाएं एकजुट हो गईं और उन्होंने पुलिसिया कार्रवाई का विरोध किया। ऐसे में पुलिस, आरोपी को घसीटते हुए जीप तक ले गई। आरोपी को सड़क पर घसीटने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिसकर्मियों पर आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने बर्बरता की। खोड़ा थाने के एसएचओ आनंद प्रकाश मिश्र ने बताया- खोड़ा थाना क्षेत्र के प्रकाश नगर में रहने वाले सचिन उर्फ रैपर के खिलाफ लूट, चोरी और छिनैती के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी काफी दिनों से एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसलिए उसके गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। इसमें कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 3 दिसंबर लगाई हुई है। एसएचओ ने बताया- खोड़ा थाने की पुलिस शनिवार रात आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची। घर पर मौजूद मिले सचिन को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस जब उसे लेकर जाने लगी तो घर की महिलाएं इकट्ठा हो गईं। वो पुलिस कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने लगीं।

आई0टी0ई0आर0सी0 कॉलेज गाजियाबाद, में डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल समीक्षा बैठक का आयोजन

संस्कार उजाला

गाजियाबाद(आशा चौधरी)

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद के तत्वाधान में आई0टी0ई0आर0सी0 कॉलेज गाजियाबाद, में डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें महिला सशक्तिकारण के अंतर्गत बालिका सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण पर प्रीति मलिक केंद्र प्रबंधक और अंजना चौहान मनोसामाजिक परामर्शदाता द्वारा महिला समस्या आदि आवश्यक मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। उक्त समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीईआरटी नई दिल्ली के आदेशों के अनुसार 4 दिसंबर, 2024 को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 किया जाना सुनिश्चित है परख सर्वे से सम्बन्धित विषय में उप प्राचार्या जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद द्वारा जानकारी प्रदान की गयी और साथ ही जरुरी रणनीति लागू करने के निर्देश प्रदान किये गये। डायट प्राचार्य द्वारा सभी शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 से पूर्व निपुण अससमेंट टेस्ट (ठअळ - 2024) का मेरठ

मण्डल में दिनाँक 20 और 21 नवंबर, 2024 को परख ऐप के माध्यम से किया जायेगा, इसके लिये हमें पर्याप्त तैयारी करनी है और आवश्यक कार्य योजनाएं बनानी हैं। विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने सम्बन्धित आकलन दिसम्बर, 2024 और फरवरी, 2025 में निपुण ऐप के माध्यम से आकलन किया जायेगा अतः जनपद के प्रत्येक शिक्षक को अपनी पूर्ण क्षमताओं के साथ कार्य करना होगा।परख आयोजन में अपनी स्थिति को बेहतरीन करने के लिए प्रत्येक शनिवार को अभ्यास कराकर बच्चों को सर्वे के लिए तैयार किया जाए। सर्वे निष्पक्ष एवं इमानदारी के साथ आयोजित करने के लिए जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय कई टीमों के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 को परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, माध्यमिक, राजकीय, मदरसा, सीबीएसई आदि सभी स्कूलों में आयोजित किया जायेगा। संकुल समीक्षा बैठक में प्राचार्य डायट द्वारा जनपद के समस्त शिक्षा संकुल को निर्धारित समय सीमा से पूर्व अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने के लिये समस्त प्रकार के प्रयास करने हैं। उक्त समीक्षा बैठक में , डायट मेंटर (प्रवक्ता डायट), जिला समन्वयक (प्रशिक्षण एवं एम0आई0 एस0) एस०आर०जी० एवं ए०आर०पी०एवं शिक्षक संकुल और गाजियाबाद ने प्रतिभाग किया।

श्री शक्ति पीठ में योगदान देकर समाज में सेवा भावना को प्रोत्साहित करती हैं। साध्वी समदर्शी गिरी,

संस्कार उजाला

जयपुर : श्री शक्ति पीठ, राजस्थान एक धार्मिक और आध्यात्मिक संस्था है, जो समाज के उत्थान और सेवा के लिए समर्पित है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म और वैदिक परंपराओं का संरक्षण और प्रचार-प्रसार करना है। इसके अलावा, यह संस्था समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने का प्रयास करती है। श्री शक्ति पीठ, राजस्थान के विशेष कायः धार्मिक और आध्यात्मिक शिक्षाः संस्था द्वारा वेद, पुराण, उपनिषद, और गीता जैसे धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन और शिक्षण किया जाता है। इसका उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना और लोगों को धर्म के मार्ग पर प्रेरित करना है। कथावाचन एवं प्रवचनः श्री शक्ति पीठ नियमित रूप से धार्मिक प्रवचन और कथा वाचन के कार्यक्रम आयोजित करती है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से साध्वी समदर्शी गिरी जैसे वक्ता समाज को धार्मिक, नैतिक और जीवन मूल्यों की सीख देते हैं। सेवा कार्यः यह संस्था जरूरतमंदों की सेवा में भी योगदान देती है, जैसे कि गरीबों के लिए भोजन वितरण, शिक्षा में मदद, और चिकित्सा शिविरों का आयोजन। इसके माध्यम से वे समाज के हर वर्ग के लिए सहयोग और समर्थन का काम करते हैं। महिला सशक्तिकरणः श्री शक्ति पीठ महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाओं का आयोजन करती है। इसमें धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं के लिए विभिन्न कौशल विकास के कार्यक्रम भी शामिल हैं। संस्कृति और परंपराओं का संरक्षणः संस्था विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहारों और अनुष्ठानों का आयोजन कर भारतीय संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण करती है। इसका उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक मूल्यों की जागरूकता बढ़ाना है। श्री शक्ति पीठ, राजस्थान, इन प्रयासों के माध्यम से समाज में धर्म, सेवा, और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का कार्य करती आ रही है। इसके माध्यम से लोगों के बीच भक्ति, सेवा, और नैतिकता की भावना जागृत होती है। लेखक रविंद्र आर्य 9953510133

संक्षिप्त डायरी

किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान तत्काल कराया जाए :बिजेंद्र सिंह

किसानों की समस्याओं को लेकर मोदीनगर तहसील में गरजी भाकियू ,सौंपा दस सूत्रीय ज्ञापन बिजली विभाग चोरी छिपे घरों में घुसना बंद करें :छोटे चौधरी

संस्कार उजाला

गाजियाबाद(आशा चौधरी)

भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों पदाधिकारियों और किसानों ने शनिवार को मोदीनगर तहसील परिसर में पंचायत का आयोजन किया। भाकियू जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पंचायत का आयोजन हुआ। मोदीनगर तहसील अध्यक्ष वेदपाल मुखिया ने क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं को लिखा। और कई घंटे चली पंचायत के बाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में बिजेंद्र सिंह के नेतृत्व में भाकियू ने दस सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम मोदीनगर ,पूजा गुप्ता को सौंपा। इस दौरान कलछीना आदि गांवों के किसानों ने बिजली विभाग पर जबरदस्ती घरों में घुसकर महिलाओं से से अभद्रता और वसूली का आरोप लगाया। युवा जिला अध्यक्ष छोटे चौधरी ने बिजली विभाग के अधिकारी के सामने समस्या को रखा और कहा कि बिजली विभाग ऐसे चोरी छिपे घरों में घुसना बंद करें। और जब तक मिल किसानों के गन्ने का बकाया पेमेंट न करे। तब तक किसी भी किसान का बिजली कनेक्शन न काटा जाए। जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को सुना गया और दस सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया है। जिसमे मुख्य किसानों का गन्ने का बकाया भुगतान ,आवारा पशु ,बिजली विभाग किसानों के ट्यूबवेल को घरों के कनेक्शनों के साथ पंजीकरण कराना बंद करें। क्षेत्र की सड़कों का निर्माण और रिपेयर(गड्ढमुक्त) कराने और रजवाहों की सफाई, किसानों के खतौनी में नाम सही कराएं जाए,दिल्ली मेरठ हाइवे के दोनों ओर भोजपुर से सैदपुर तक और भोजपुर से कलछीना तक सर्विस रोड बनाई जाए,बिजली फ्री दी जाए, आदि किसानों की दस सूत्रीय समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा गया है।इस मौके पर भाकियू के सैकड़ों पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

हरियाणा न्यायिक सेवा में बरवाला निवासी तनुज हंदूजा ने 24 वीं रैंक हासिल करके सफलता का लहराया परचम

संस्कार उजाला

हरियाणा/हिसार (गरिमा) : वार्ड नंबर 17 बरवाला निवासी तनुज हंदुजा ने 25 वर्ष की आयु में हरियाणा न्यायिक सेवा में 24 वी रैंक हासिल करके सफलता का परचम लहराते हुए बरवाला शहर, जिला हिसार, गुरुजनों व माता पिता का नाम रोशन किया है` तनुज हदूंजा ने कानून की पढाई पंजाब विश्वविद्यालय से की तनुज हदूंजा के पिता प्रेम कुमार हंदुजा नई सब्जी मंडी में कमीशन एजेंट है और माता अंजू हंदुजा गृहिणी है तथा बड़ी बहन डॉक्टर हैं । तनुज हंदूजा ने बताया कि उसने माता पिता का आशीर्वाद लेकर इस न्यायिक परीक्षा की तैयारी की शुरूआत की और कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई करके यह सफलता हासिल की तथा लोगों की सेवा करने का अवसर मिला। तनुज हंदूजा ने जीवन में कभी भी हार ना मानने का संदेश दिया`

नारी नारायणी फाउंडेशन के द्वारा जिमखाना क्लब में करवा स्पेशल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्कार उजाला

हरियाणा/हिसार (गरिमा) : संस्थापिका पूनम नागपाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति में करवा के त्यौहार का विशेष महत्व है इस अवसर को यादगार बनाने के लिए महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई। इस अवसर पर डॉक्टर प्रतिमा गुप्ता मुख्य अतिथि रही। लकी ड्रा में सुनीता शर्मा व सुनीता कश्यप ने इनाम जीते। विभिन्न गेम्स में पूजा सोनी, रमन नासा, अनीता छाबड़ा ,पूजा लांबा मोनिका ललित व सीमा ढिल्लो विजेता रही। डांडिया क्वीन रेखा सलूजा व करवा क्वीन ज्योति चुघ रही। जूरी मेंबर रचना अदलखा,भावना मल्होत्रा, अनुपमा सेहरा व सौम्या शर्मा रहे. पदाधिकारी ममता चंद्राकर, उर्मिल त्रिखा, रमन खेररा, बबली, सुरभि, वीना भंडारी, निशा रानी,उषा ठकराल, जीवनजोत, अर्चना बूरा, सीमा बेनीवाल, ममता राव,शीतल सैनी,सीमा सैनी आदि ने सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं दी.

सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वालो को जन्मदिन के अवसर पर गर्मजोशी के साथ दी बधाई

संस्कार उजाला

गाजियाबाद(आशा चौधरी)

सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मेंदी वालो को स्थानीय निवासियों ने गर्मजोशी के साथ जन्मदिन की बधाई दी। सांसद अतुल गर्ग इस समय महामहिम राष्ट्रपति जी के साथ तीन देशों की यात्रा पर गए हुए है अतुल गर्ग ने विदेश से ही राजेन्द्र मित्तल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी साथ ही सुबह से स्थानीय लोग बधाई देने राजेन्द्र मित्तल के आफिस पर पहुँचे जहाँ पटके, पगड़ी, प्रतीक चिन्ह व केक काटा कर खुशियों का इजहार किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के उस्ताद अशोक गोयल, मयंक गोयल, पार्षद नीरज गोयल, पार्षद विनिल दत्त, राकेश स्वामी, वेद प्रकाश खादी वाले, संजीव मित्तल, भूषण यादव, विशाल, अनुज मित्तल, देवेंद्र मित्तल, संजीव गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, यशवर्धन गुप्ता, वरुण चौधरी, अनूप राठी, देशराज आहूजा, पवन गुप्ता, उमेश भाटी, बबलू चौधरी व तरुण बंसल सहित सैकड़ो व्यक्तियों ने बधाई दी।

1 नवंबर शुक्रवार को मनाई जाएगी दीपावली

संस्कार उजाला

इस वर्ष दीपावली को लेकर मतभेद एवं ब्रह्म की स्थिति बनी हुई है,*श्री गुरु कार्ष्णि ज्योतिष एवं वास्तु संस्थान के अध्यक्ष पंडित नित्यानंद नीमावत के अनुसार धार्मिक ग्रंथ धर्म सिंधु एवं निर्णय सिंधु के आधार पर दीपावली का पर्व 1 नवंबर को मनाया जाएगा प्रदोष व्यापिनी कार्तिक अमावस्या को दीपावली मनाने की शास्त्र आज्ञा देता है इस दिन प्रदोष काल में लोग माता लक्ष्मी एवं कुबेर का पूजन करते हैं इस बार दो दिन प्रदोष में अमावस्या का अभाव है तो धर्म सिंधु का स्पष्ट =परदिन एव दिन द्वये वा प्रदोष व्याप्तौ परा।* पूर्वत्रैव प्रदोष व्याप्तौ लक्ष्मी: पूजा दौ पूर्वा,अभ्यंग सनानादौ परा।एव मुभ यत्र प्रदोष व्याप्त भावेपि। दोनों देना प्रदोष में व्याप्त या अभ्याप्त होने पर दीपावली दूसरे दिन ही मनाई जाए इस वर्ष 31 अक्टूबर को अमावस्या 3:54 से प्रारंभ होकर अगले दिन 1 नवंबर शुक्रवार को शाम 6:17 पर समाप्त होगी इस स्थिति में अमावस्या तिथि 2 दिन प्रदोष काल के बाद व्याप्त है तो दूसरे दिन वाली अमावस्या में ही दीपावली पर्व मनाना शास्त्र सम्मत है इस तर्क के पीछे पितृ कार्य भी हैं पित्र देव पूजन करने के बाद ही माता लक्ष्मी का पूजन करना उचित है तो 31 अक्टूबर को पितृ कार्य अमावस्या बनाई जाएगी और 1 नवंबर को दीपावली पर्व को मनाया जाएगा अगर आप किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं पूजा पाठ कराना चाहते हैं, दीपावली में वास्तु दोष यंत्र, सर्वा बाधा यंत्र एवं धन वर्षा पोटली प्राप्त करना चाहते हैं तो आप हमारे संस्थान में संपर्क कर सकते हैं श्री गुरु कार्ष्णि ज्योतिष एवं वास्तु संस्थान डेल्टा वन ग्रेटर नोएडा संपर्क सूत्र कार्ष्णि पंडित नित्यानंद नीमावत मो .8650927212

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011